

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार, 2024 प्रदान किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 18 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# ऑटोमोटिव इंडस्ट्री भविष्य के लिए तैयार: मोदी

● 'जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रहीं, उतनी कई देशों की आबादी नहीं', ग्लोबल एक्सपो में पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने** भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को ऑटो एक्सपो का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12% की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है, जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें को जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कभी भारत में गाड़ियां न खरीदने का एक कारण अच्छी और चौड़ी सड़कों का अभाव था। पिछले वर्ष के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 11 लाख



**शुभारंभ**

▶▶ विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है

करोड़ रुपए से ज्यादा रखे गए थे। आज भारत में मल्टी लेन हाईवे का, एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा है। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी 'भारत मोबिलिटी एक्सपो' में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में भी ये एक्सपो चल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले 5-6 दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे। अनेक नई गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं। ये दिखाता है कि भारत में मोबिलिटी के भविष्य को लेकर कितनी सकारात्मकता है। आज का भारत आकांक्षाओं से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षाएं हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12% की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है। विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है।

उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मैंने मोबिलिटी से जुड़े एक कार्यक्रम में 7C के विजन की चर्चा की थी। हमारे गतिशीलता समाधान ऐसे हैं, जो आम हो, कनेक्टेड हो, सुविधाजनक हो, भीड़ से मुक्त हो, चार्ज्ड हो, साफ हो और कटिंग एज हो। आज हरित प्रौद्योगिकी, ईवीएस, हाइड्रोजन ईंधन, जैव ईंधन और ऐसी ही प्रौद्योगिकी के विकास पर हमारा काफी फोकस है।

## भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑटो शो: पीयूष गोयल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 के उद्घाटन अवसर पर इसे दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑटोमोटिव शो बताया है। उन्होंने कहा कि प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी (एमआईसीई) इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में प्रधानमंत्री के विजन ने परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। गोयल ने कहा कि भारत मोबिलिटी दुनिया को भारत की कहानी दिखा रही है। नवाचार और स्थिरता अब देश में ऑटो उद्योग का फोकस है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन किया, जिसमें उन्होंने दिग्गज रतन टाटा और ओसामु सुजुकी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी विरासत मोबिलिटी सेक्टर को प्रेरित करेगी। ये एक्सपो 22 जनवरी तक तीन प्रतिष्ठित स्थलों भारत मंडपम, नई दिल्ली, यशोभूमि, द्वारका और इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 एक ऐतिहासिक आयोजन है, जिसका उद्देश्य संपूर्ण मोबिलिटी मूल्य श्रृंखला को एक छत के नीचे एकजुट करना है। उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में तीन स्थानों पर 2 लाख वर्ग मीटर का उपयोग भारत मोबिलिटी शो के लिए किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन मोबिलिटी सेक्टर का स्वरूप बदल रहे हैं, पहली बार ऑटो खरीदने वालों को ईवी खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## हमास के तीन महिलाओं को छोड़ते ही गाजा में थम जाएगा युद्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**तेल अवीवः** कतर, मिस्र और अमेरिका के दबाव में इजराइल ने संघर्ष विराम के प्रस्ताव पर आज नरम रुख अपनाया। इस समय इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट की बैठक में संघर्ष विराम के सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श हो रहा है। बैठक के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने मीडिया से कहा कि अगर हमास रविवार को तीन महिलाओं को मुक्त कर देता है तो गाजा में युद्ध थम जाएगा। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि दो साल पहले सात अक्टूबर, 2023 को अपहृत की गईं तीन महिलाओं को अगर हमास रविवार शाम चार बजे तक कैद से रिहा कर देता है, तो संघर्ष विराम प्रभावी हो जाएगा। इजराइल ने साफ किया है कि वह फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई से पहले प्रशासनिक हिरासत में रखे गए निवासियों को मुक्त करेगा। हिब्रू मीडिया की खबर के अनुसार दोहा में हस्ताक्षरित बंधक-संघर्ष विराम समझौते का कार्यान्वयन रविवार को योजना के अनुसार शुरू होगा।

## दिल्ली में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना फिलहाल नहीं होगी लागू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने एक आदेश में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिलहाल लागू करने पर रोक लगा दी है। दरअसल दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के बीच एक समझौता करने का निर्देश दिया था। इस समझौते के तहत प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य



ढांचा मिशन को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लागू किया जाना था। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है।

**दिल्ली सरकार के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में दीं ये दलीलें**

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आदेश दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

## केजरीवाल ने किया छात्रों को मुफ्त बस-मेट्रो किराये में रियायत का वादा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) दिल्ली विधानसभा चुनावों के नजदीक आते ही नए-नए वादे कर रही है। इसी क्रम में अब पार्टी का कहना है कि नई सरकार बनने पर वह छात्रों को दिल्ली में बसों में मुफ्त यात्रा और दिल्ली मेट्रो में आधे दाम पर यात्रा की सुविधा देगी। इस संदर्भ में आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली मेट्रो में छात्रों को 50 प्रतिशत किराए में छूट देने की मांग की है। साथ ही किराये में दी जाने वाली छूट को आधा-आधा वहन करने का भी अनुरोध किया है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि दिल्ली मेट्रो केंद्र और दिल्ली सरकार के 50-50 प्रतिशत सहयोग की परियोजना है। ऐसे में योजना पर



**वादे**

▶▶ पूर्व सीएम ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर दिल्ली मेट्रो में छात्रों को 50 प्रतिशत किराए में छूट देने की मांग की है

होने वाले खर्च को दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को आधा-आधा वहन करना चाहिए। पत्र में उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से छात्रों के लिए बस यात्रा मुफ्त करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इस पर सहमति जताएंगे।

## नक्सलमुक्त भारत बनाने की दिशा में अग्रसर है मोदी सरकार: शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के सफल अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार नक्सलमुक्त भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। केंद्रीय गृहमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में कहा, नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है और मोदी सरकार इसे समाप्त करने के लिए संकल्पित है। कल बीजापुर (छत्तीसगढ़) में केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की। मोदी सरकार नक्सलमुक्त भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के जंगल में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 12 कुख्यात नक्सली मारे गए।



## राहुल गांधी ने किया दिल्ली एम्स का दौरा

**समस्याएं सुनीं**

▶▶ कहा- मरीज सड़कों और फुटपाथों पर सोने को मजबूर, उन्होंने उनसे बातचीत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बीती रात दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज के लिए इंतजार कर रहे मरीजों और उनके तीमारदारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनसे बातचीत की और उनकी समस्याएं भी सुनीं। कांग्रेस ने यह जानकारी देते हुए एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, "इलाज के लिए महीनों का इंतजार, असुविधा और सरकार की असंवेदनशीलता- ये आज दिल्ली एम्स की सच्चाई है। हालात ये हैं कि अपनों की बीमारी का बोझ लिए दूर-दराज से आए लोग इस ठिठुरती सर्दी में फुटपाथ और सबवे पर सोने को मजबूर हैं। आज नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इलाज का इंतजार कर रहे मरीजों से मुलाकात कर उनसे बात की और उनकी परेशानियां सुनीं।"



## दिल्ली चुनाव: भाजपा का संकल्प पत्र जारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी कर दिया है। उन्होंने दिल्ली वासियों से वादा कि दिल्ली में जन कल्याण की चल रहीं वर्तमान योजनाएं उनकी सरकार (भाजपा) बनने के बाद भी जारी रहेंगी। योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत और उनमें सुधार किया जाएगा। उनको भ्रष्टाचार मुक्त भी किया जाएगा। भाजपा अपना संकल्प पत्र तीन चरणों में लागू करेगी। यह इसका पहला हिस्सा है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा किया है। इसके अलावा गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 की सब्सिडी दी जाएगी।

दिल्ली में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा, योजना के तहत दिल्ली सरकार अलग से 500000 का बीमा करेगी जबकि 5 लाख का बीमा केंद्र सरकार देगी।

**भाजपा के पहले संकल्प पत्र की बड़ी घोषणाएं**

- महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 दिए जाएंगे
- गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 की सब्सिडी दी जाएगी
- गरीब परिवारों को होली और दिवाली पर एक सिलेंडर मुक्त दिया जाएगा
- गर्भवती महिलाओं को 21000 दिए जाएंगे
- 70 साल से अधिक आयु के लोगों को 10 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा
- 60 से 70 साल के लोगों की पेंशन में 500 की बढ़ोतरी की जाएगी।
- 70 साल से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांग व विधवा महिलाओं को 2500 के बजाय 3000 पेंशन दी जाएगी
- दिल्ली में अटल कैंटीन योजना लॉन्च की जाएगी, इसके तहत झुग्गी झोपड़ी इलाके में 5 में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा

## शूटर मनु-चेस वर्ल्ड चैंपियन गुकेश समेत 4 को खेल रत्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का वितरण राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को सम्मानित किया। मुर्मू ने सबसे पहले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। उनके अलावा, ओलिंपिक में डबल मेडल जीतने वालीं शूटर मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पेरिस पैरालिंपिक्स में जेवलिन का गोल्ड जीतने वाले नवदीप समेत 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया गया। इनमें 17 पैरा-एथलीट हैं, जबकि 2 लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिए हैं। इनके अलावा 5 कोच को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला। मनु ने पेरिस ओलिंपिक में डबल मेडल जीते थे मनु भाकर ने अगस्त-सितंबर में पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे। वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडिविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे। 18 साल के गुकेश शतरंज के नए वर्ल्ड चैंपियन, सबसे कम उम्र में खिताब जीता 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में 11 दिसंबर को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीता था। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराया। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर बने हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी




हरमनप्रीत सिंह | मनु भाकर | प्रवीण कुमार | डी गुकेश

**सम्मान**

▶▶ मुर्मू ने सबसे पहले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया

## सिंधिया ने संचार साथी मोबाइल ऐप किया लांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां नागरिक केंद्रित सेवाओं के तहत ह्यसंचार साथीह्व मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 विजन दस्तावेज का अनावरण भी किया और डीबीएन द्वारा वित्त पोषित 4-जी मोबाइल साइटों पर इंट्रा सर्कल रोमिंग का उद्घाटन किया। इससे लोगों को अपने मोबाइल फोन कॉल लॉग से धोखाधड़ी की किसी भी संदिग्ध सूचना की सीधे रिपोर्ट करना आसान हो जाएगा।

## शादी से मना करना सुसाइड के लिए उकसाना नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर स्थिति बेंच ने महिला को सुसाइड के लिए उकसाने के मामले में फैसला दिया। कोर्ट ने कहा- सिर्फ इसलिए कि पुरुष ने रिलेशनशिप को खत्म कर दिया और फिर महिला ने सुसाइड कर लिया तो शख्स पर सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। जस्टिस उर्मिला जोशी-फाल्के ने ऐसे ही मामले में 26 वर्षीय युवक को बरी किया। उस पर एक महिला को सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। जिसके साथ वह 9 साल से रिलेशनशिप में था।

**साधा निशाना** नई यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) नियम केवल कैंपसों में गैर-गंभीर राजनीति को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए

## संघ की साजिशों और बचकाने आरोप से विश्वविद्यालय में बौद्धिक अखंडता को खतरा: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रमुख विश्वविद्यालयों में बौद्धिक ईमानदारी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की साजिशों और बचकाने आरोप-प्रत्यारोप से खतरा है। कांग्रेस के संचार मामलों के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नई यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) नियम केवल कैंपसों में गैर-गंभीर राजनीति को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए हैं।

**एक किताब पर हुई चर्चा का विरोध**

रमेश ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कई शिक्षकों ने पत्रकार अशोक श्रीवास्तव की किताब 'मोदी बनाम खान मार्केट गैंग' पर एक चर्चा का विरोध किया, जो गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में हुई थी।



**बौद्धिक ईमानदारी को खतरे में डाला'**

उन्होंने कहा, 'आरएसएस की साजिशों और बचकाने आरोप-प्रत्यारोप ने हमारे प्रमुख विश्वविद्यालयों की बौद्धिक ईमानदारी को खतरे में डाल दिया है। दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में एक निष्पक्ष और गैर-गंभीर पुस्तक के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था और इसमें कुलपति ने भाग लिया था। यह किताब पूरी तरह से पक्षपाती है।'

**आरोप**

▶▶ संघ की साजिशों और बचकाने आरोप-प्रत्यारोप ने हमारे विवि की बौद्धिक ईमानदारी को खतरे में डाल दिया है

**विश्वविद्यालय आरएसएस का हिस्सा बन गया है**

कांग्रेस नेता ने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि अब यह विश्वविद्यालय आरएसएस का हिस्सा बन गया है। उन्होंने नई यूजीसी नियमों की आलोचना करते हुए कहा कि ये नियम विश्वविद्यालयों में वीसी (उपकुलपति) की नियुक्ति और गैर-शैक्षिक व्यक्तियों की नियुक्ति पर केंद्रीय नियंत्रण बढ़ाने के लिए बनाए गए हैं, जो केवल गैर-गंभीर राजनीति को बढ़ावा देंगे।

# पंचायत विभाग ने चारदीवारी की निर्माण सामग्री के लिए सैंपल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** गढ़ी कला गांव में दूषित पानी के जोहड़ की पंचायत विभाग द्वारा चारदीवारी करवाई जा रही थी। ग्रामीणों ने दीवार के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम गन्नौर मनीष कुमार फौगाट को दी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम ने पंचायत विभाग के एक्सईएन को सामग्री की जांच के आदेश दिए। जिस पर पंचायत विभाग द्वारा मौके पर पहुंच कर दीवार का निर्माण कार्य रुकवा दिया और निर्माण सामग्री के सैंपल ले कर जांच के लिए लैब में भेज दिए हैं। विभाग के एसडीओ विपुल छौक्कर ने बताया कि लैब में



**जांच की आंच**

**ग्रामीणों ने दीवार के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाया था**

भेजे गए सैंपल यदि फेल हो गए तो निर्माण एजेंसी पर जुमार्ना कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पंचायत सदस्य आरिफ, ग्रामीण संदीप, सतीश, सलीम, नौशाद, सज्जाद के अनुसार दीवार निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। दीवार बनने के बाद कभी भी गिर सकती है। दीवार के निर्माण के लिए निम्न स्तर की ईंटे लगाई जा रही हैं। उनके कहने पर भी ठेकेदार द्वारा कार्य में सुधार नहीं किया गया।

# सौ मीटर तक अनियंत्रित होकर दौड़ी कार, बाइक के बाद रेलिंग से टकराई, एक घायल

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के सिहानी गेट थाने के सामने फ्लाईओवर पर कार चालक योगेश कुमार (52) को हार्ट अटैक आया। योगेश कुमार अचेत हो गए और कार अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर की रेलिंग से टकरा गई। कार की चपेट में बाइक सवार राहुल कुमार निवासी शालीमार गार्डन घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।





पुलिस ने कार चालक योगेश को अस्पताल में पहुंचाया।

# लूट, चोरी करने वाले बदमाशों की मुठभेड़, पैर में गोली लगने से दोनों आरोपी घायल

**गाजियाबाद :** लुंबिनी अपार्टमेंट के पास चेकिंग कर रही पुलिस टीम पर अचानक दो बाइक सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी। वारदात बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे की है। बाइक सवारों ने पहली फायरिंग के बाद बाइक दौड़ा दी, लेकिन कुछ दूर बाद बाइक गिरने पर दोबारा फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई। इस दौरान दोनों युवकों के पैर में लगी। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने बागपत के खामपुर लुहारी निवासी केतन और जनता मजदूर कॉलोनी वेलकम दिल्ली निवासी आफताब उर्फ लुकमान को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग

**काबू**

**पुलिस ने केतन और दिल्ली निवासी आफताब उर्फ लुकमान को गिरफ्तार किया**

थानों में चोरी, लूट, छिनैती, आर्म्स एक्ट समेत कई अपराधों के आरोप में 40 से भी ज्यादा मुकदमें दर्ज हैं। दोनों घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 16 जनवरी की रात लुंबिनी अपार्टमेंट के पास चेकिंग चल रही थी। यूपी गेट की तरफ से आ रहे दो बाइक सवार को जब पुलिस ने रोका तो उन्होंने फायरिंग कर दी और बाइक लेकर 2/5 की पुलिया तरफ भाग गए। कच्चे रास्ते से पर बाइक अनियंत्रित होकर गिरी तो दोबारा आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जबावी कार्रवाई में दोनों आरोपी के पैर में गोली लगी और पकड़े गए। पूछताछ में पता चला कि घायल आरोपी आफताब और केतन हैं। एसीपी ने बताया कि आरोपी आफताब के खिलाफ चोरी, छिनैती और लूट के 18 और केतन के खिलाफ 36 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने ट्रांस हिंडन एरिया में मोबाइल छिनैती व चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। हालांकि अभी पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने दोनों के पास से दो तमंचे और दो कारतूस समेत 5300 रुपये की नकदी भी बरामद की है। इसके अलावा तीन कारतूस के खोखे भी आरोपियों के पास से मिले हैं।


## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 06-जीएस-इंजी-अंबाला/2024-25 दिनांक 17.01.2025**

उप मुख्य अभियंता कार्य निम्नलिखित से ओर की राष्ट्रपति के भारत द्वारा के अंबाला/उ.रे./शक्ति गति/हेतु ई द्वारा टेंडरिंग – इच्छुक ठेकेदारों से निविदाए आमंत्रित की जाती है जो कार्य के सामने दी गई तिथि 11.02.2025 को समय 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियों अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को निविदा दस्तावेज के लिए अनदेखा कर दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के विरूद्ध निविदा दस्तावेज की लागत और बयाना राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध भुगतान मोड जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, जमा रसीद, एफडीआर आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है। अधिक जानकारी के लिए www.ireps.gov.in पर लॉगऑन करें।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| ओपन | कार्य | एकल बोली प्रणाली |
| निविदाएं अपलोड करने की तिथि | बोली की स्थायी तिथि | बोली बंद होने की तिथि/समय |
| 17.01.2025 | 28.01.2025 | 11.02.2025 (15:00 बजे) |

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | 07-जीएस-इंजी-अंबाला/2024-25 | अंबाला, भटिंडा और कालका रेलवे स्टेशन पर वाशिंग लाइनों के लिए 0.2 एमएलडी क्षमता की डब्ल्यूआरपी का प्रावधान। |

| विज्ञापित मूल्य (रु.) | अग्रिम राशि (रुपये) | ऑफर की वैधता | पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 6,19,71,479.60 | 4,59,900/- | 60 दिन | 06 माह |

**समान प्रकृति कार्य–** "जल उपचार या पुनर्चक्रण संयंत्र या सीवेज उपचार संयंत्र की आपूर्ति, डिजाइन, स्थापना और कमीशनिंग"

**ध्यान दें:** बोली लगाने से पहले, बोली लगाने वाले को यह जांचना होगा कि निविदा के विरूद्ध कोई शुद्धिपत्र जारी किया गया है या नहीं। 196/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कमल उर्फ शुभम पुत्रः** राकेश **पताः** सी–58, मंगोलपुरी दिल्ली, ने **FIR No. 877/2016, U/s 392/411/34 IPC थानाः मंगोलपुरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल उर्फ शुभम,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल उर्फ शुभम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 877/2016, U/s 392/411/34 IPC थानाः मंगोलपुरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कमल उर्फ शुभम,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
जेएमएफसी – 05
कमरा नंबर 105, उत्तर–पश्चिम
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/747/OD/2025
(Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि अभियुक्त नामः **आजाद, पुत्रः खलील अहमद, निवासीः** ग्राम–भदास, तहसील–नगीना, जिला– **नूंह, हरियाणा** औरः **सी–156, चंदन होला, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.019491/2023 U/s 379/411 IPC** के तहत एक मामला **थाना फ़तेहपुर बेरी, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **आजाद** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **आजाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **आजाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आशीष कुमार मीना
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01
(दक्षिण–जिला), कमरा नं. 214,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली।

DP/703/SD/2025



## नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्या हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार निर्धारित तिथि तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

क) (रु. 1.00 लाख से 30.00 लाख तक)

| S. No. | Job No. | Sale Start Date | Sale End Date | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जॉब सं.-04/ई-निविदा/भ.क्र.वि./2024-25<br>कार्य का नाम-<br>शीतकालीन वर्दी के कपड़े की आपूर्ति हेतु<br>अनुमानित लागत रु. 22,66,485.00 | 20.01.2025 | 03.02.2025 upto 5.00 PM | 04.02.2025 11.00 AM |

कार्यालय : सैक्टर-39 नौएडा
भण्डार क्रय अधिकारी, नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



## उत्तर रेलवे

**Mechanical Department, Headquarters Office**
**First Floor, Annexe-I, Baroda House, New Delhi-110001**

No. 802-M/92/3/EOI/MC-II- Comp: No. 277595 Dated: 14.01.2025

**Expression of Interest**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, मैकेनिकल विभाग (सी एंड डब्ल्यू), उत्तर रेलवे माल डिब्बों और अन्य रौलिंग स्टॉक के लिए के **"संवर्धित वास्तविकता उपकरणों पर आधारित वैगन निरीक्षण प्रणाली (WISARD)"** के लिए विनिर्देश विकसित करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (Expression of interest) आमंत्रित करता है।

इच्छुक पार्टियों से अनुरोध है कि वे अपना विस्तृत प्रस्ताव इस कार्यालय में 20/02/2025 तक प्रस्तुत करें। प्रस्तुत प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय रेलवे प्रशासन द्वारा लिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया उत्तर रेलवे की वेबसाइट या मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर/फ्रेट, उत्तर रेलवे, मुख्यालय कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली के कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क करें।

वेबसाइट:https://nr.indianrailways.gov.in/view_section.jsp?lang=0&id=0,6,303

DyCME/Fr

Email Addresses: crsefnr@gmail.com, amehqomrs@gmail.com 193/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

**ई–टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–21/2024–25 दिनांक 16.01.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लागमग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30–विद्युत–40/2024–25 (ओपन टेंडर) | आरओएच डिपो, खानआलमपुरा में बीटीपीएन वैगनों के रखरखाव की क्षमता बढ़ाने के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और अंबाला मंडल में रेलवे स्टेडियम, रेल विहार, अंबाला कैंट में नए बास्केट बॉल कोर्ट का प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | रु. 36,24,664.21 | रु. 72,500.00 | 03 महीने | 07.02.2025 |
| 2 | 30–विद्युत–41/2024–25 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल के राजपुरा, बठिंडा, नांगलडैम और सरहिंद क्षेत्र में रिले रुम/पावर केबिन (एस एंड टी स्थापना) के लिए स्थापित एसी के लिए एसी नियंत्रकों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | रु. 6,37,887.36 | रु. 12,800.00 | 38 महीने | 07.02.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN / TIN / GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियां को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 185/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी नोटिस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | Area | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर क्लॉक रूम प्रबंधन के ठेका आवंटन हेतु। | 144 sq. ft. | UMB-PnU-CR-0125 | 23.01.2025 को 12:00 बजे |
| 2 | कालका रेलवे स्टेशन पर क्लॉक रूम प्रबंधन के ठेका आवंटन हेतु। | 15.225 sqm. | UMB-PnU-CR-0125 | 23.01.2025 को 12:00 बजे |
| 3 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर क्लॉक रूम प्रबंधन के ठेका आवंटन हेतु। | 20.44 sqm. | UMB-PnU-CR-0125 | 23.01.2025 को 12:00 बजे |
| 4 | भटिंडा रेलवे स्टेशन पर क्लॉक रूम प्रबंधन के ठेका आवंटन हेतु। | 20.78 sqm. | UMB-PnU-CR-0125 | 23.01.2025 को 12:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 182/25



## उत्तर रेलवे

**NOTICE INVITING APPLICATION**

No. C-37/YTSK/UMB Division/2023 Date: 14-01-2025

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा रेलवे द्वारा नियुक्त अधिकृत टिकट एजेंटो जैसे **JTBS, RTSA, RTA, STBA** आदि और आई आर सी टी सी द्वारा नियुक्त अधिकृत टिकट एजेंटी से आवेदन आमंत्रित करता है. जिसे अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र (**YTSK**) कहा जाएगा। इच्छुक आवेदक/व्यक्ति जो निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हैं, यह यात्री टिकट सुविधा केंद्र (**YTSK**) के लिए आवेदन कर सकते है।
2. यात्री टिकट सुविधा केंद्र (**YTSK**) का आवंटन 3 वर्ष के लिए किया जाएगा। जिन स्टेशनों के लिए आवेदन स्वीकार किए जा रहे है उनकी सूची निम्न है– चंडीगढ़, सहारनपुर, शिमला, अम्बाला छावनी, अम्बाला शहर पटियाला, भटिंडा, सरहिंद, यमुनानगर जगाधरी, राजपुरा, रूपनगर, नंगल डैम, कालका, सोलन और संगरूर।
3. इस योजना का पूर्ण विवरण जैसे आवेदन पत्र, मापदंड, नियम और शर्तों, वाईटीएसके के मसौदा समझौते उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in में उपलब्ध है।
4. आवेदक द्वारा सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन–पत्र को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय के वाणिज्य शाखा, उत्तर रेलवे, अम्बाला– 134003 में किसी भी कार्य दिवस में 21.02.2025 15:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।
5. आवेदन–पत्र को दिनांक 20.01.2025 से रेलवे की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है जिसे दिनांक 21.02.2025 को 13:00 बजे तक या उसके पहले तक डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र दिनांक 20.01.2025 से दिनांक 21.02.2025 को समय 15:00 बजे तक स्वीकार्य किये जायेंगे, जिसे दिनांक 21.02.2025 को समय 15:30 बजे खोला जाएगा ऐसे आवेदन–पत्र जो कि दिनांक 21.02.2025 को 15:00 बजे के बाद प्राप्त होंगे, उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

172/2025 कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अम्बाला मंडल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं शिवचरण पुत्र श्री ब्रहम सिंह निवासी ऋषिकुन्ज कॉलोनी, नजदीक ऋषिकुल विदयापीठ स्कूल, गली नं. 3, देवड़ू रोड, सोनीपत अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप कुमार व उसकी पत्नी नीरज रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उपरोक्त दोनों से लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगरः हजारों लोगों के बीच मुकेश गोयल के चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ

## ● विरोधियों पर जमकर बरसे मुकेश गोयल ● मीठी छुरी है राजकुमार भाटिया : मुकेश गोयल







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने अपने चुनाव कार्यालय का भारी जनसमूह के बीच शुभारंभ कर दिया है। इस मौके पर समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ऐसा लग रहा था कि मानो क्षेत्र का हर नागरिक अपने चहेते नेता की जीत में बड़ा योगदान देना चाहता है। गाजे-बाजे के शोर में मुकेश गोयल जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे हर ओर सुनाई दे रहे थे। पूरा क्षेत्र आम आदमी पार्टी के रंग में नजर आ रहा था।

विधि-विधान से पूजा कर किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ : मुकेश गोयल ने आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं, समर्थकों की मौजूदगी में हवन किया और आहुति दी। इस मौके पर आम आदमी पाटी के कार्यकताओं, समर्थकों ने आम आदमी पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। क्या युवा, क्या बुजुर्ग, क्या महिलाएं और क्या नौजवान हर कोई मुकेश गोयल के लिए आम आदमी पार्टी का समर्थन करता दिखा और जीत का आशीर्वाद दिया।



**मुकेश गोयल ने भरी जीत की हुंकारः** इस विशेष मौके पर मुकेश गोयल ने भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका प्यार पाकर मैं अभिभूत हूं, निशब्द हूं। आपका प्यार ही मेरी ताकत है, जो मुझे सकारात्मक ऊर्जा देती है। इस कड़कड़ाती ठंड में आप सभी अपने घरों से निकलकर मुझे समर्थन देने आए हैं, मैं आपका तहे दिल से आभारी रहूंगा।

मैं आप सबसे वादा करता हूं कि जो भी वादे मैं करता हूं उसको मैं पूरा करूंगा और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की नई इबारत लिखूंगा। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की हर एक गली, मोहल्ले से मैं भली-भांति वाकिफ हूं और क्षेत्र की समस्याओं को जानता हूं। चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद विधानसभा क्षेत्र की हर समस्या का निवारण करूंगा। आप सभी का सहयोग और आशीर्वाद मिला तो आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगजाएगी। मुकेश गोयल ने कहा कि मेरे घर-कार्यालय के दरवाजे जनता-जर्नादन के लिए 24 घंटे खुल रहते हैं।

**विरोधियों पर जमकर बोला हमलाः** मुकेश गोयल ने विरोधियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी राज कुमार भाटिया मीठी छुरी हैं। वोह गले लग-लगकर ड्रामेबाजी करते हैं। हमे ड्रामेबाजी नहीं आती। हम सबका सम्मान दिल से करते हैं। जो काम मैं करवा सकता हूँ, सिर्फ. उसी की हाँ भरता हूँ। कभी किसी को लारेलप्पे नहीं लगाये। सभी की जितनी हो सकी मदद की है।





# नरेलाः भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन







## ● हजारों की संख्या में समर्थन देने पहुंचे क्षेत्र के लोग ● हवन में आहुति डाल चुनावी रण में उतरे राजकरण खत्री







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नरेला विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी राजकरण खत्री ने भारी जनसैलाब के बीच अपने चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया। इस मौके पर अपार जनसमूह ने राजकरण खत्री का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया और जीत का आशीर्वाद दिया। इस दौरान सोने पर सुहाग यह रहा कि राजकरण खत्री को टिकट मिलने पर विरोधी सुर अपनाए हुए पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने भी उन्हें समर्थन देने का निर्णय ले लिया। पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित कई शीर्ष नेताओं के मनाने पर नीलदमन ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव ना लड़ने का निर्णय ले लिया। यही नहीं, नीलदमन ने भाजपा चुनाव कार्यालय जाकर राजकरण खत्री को गले लगाया। और तो और उन्हें अपने कंधे पर उठाकर नाचने भी लगे।

**राजकरण खत्री ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ**

राज करण खत्री ने विधि-विधान से हवन पूजन कर मंत्रों के उच्चारण के साथ चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर ढोल नगाड़ों के बीच राजकरण खत्री जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस दौरान पूरा क्षेत्र भगवामय नजर आ रहा था। बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवा, नौजवान और बुजुर्ग भी राजकरण के समर्थन में अपनी आहूति डालने पहुँचे। सभी ने एक स्वर में राजकरण खत्री के पक्ष में वोट करने की अपील की।

**भाजपा का हर एक कार्यकर्ता दिल्ली में सरकार बनाने में जुटाः** राजकरण खत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी का हर एक कार्यकर्ता पार्टी हित में काम कर रहा है और सबका एक ही लक्ष्य जनविरोधी, घोटालों के सरताज अरविंद केजरीवाल की सरकार से दिल्ली को छुटकारा दिलाया जाए। बीजेपी ने जो भी वादे दिल्ली की जनता से किए हैं उसे पार्टी पूरा करेगी। राजकरण खत्री ने कहा कि नरेला की जनता-जर्नादन के आशीर्वाद और आप सभी के सहयोग से नरेला विधानसभा सीट से जीत दर्ज कर नरेला में कमल का फूल खिलाऊंगा।



## नीलदमन नहीं लड़ेंगे चुनाव, राजकरण खत्री को दिया समर्थन

**जब** भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री की टिकट की घोषणा हुई तभी से पूर्व विधायक नील दमन खत्री ने विरोधी रुख अपना लिया था। नीलदमन ने 17 जनवरी को नामांकन कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली थी। हवन यज्ञ तक कर लिया गया था। इसी बीच भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष औम प्रकाश धनखड़ सहित पार्टी के कई शीर्ष पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। सभी के समझाने और मनाने के बाद नीलदमन खत्री ने पार्टी प्रत्याशी



राजकरण खत्री के समर्थन में चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया। इस दौरान पूरे सभागार में भारतीय जनता पार्टी जिन्दबाद और भारत माता के जय के जय घोष सुनाई देने लगे।

**पार्टी के सच्चे कार्यकर्ता हैं नीलदमनः धनखड़ः** इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ धनखड़ ने कहा कि नरेला से पार्टी के विधायक रहे नीलदमन खत्री ने अपनी अपेक्षाओं की आहुति देते हुए पार्टी को मजबूत करने का निर्णय लिया है। यहीं भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। पार्टी के ऐसे तपस्वी कार्यकर्ताओं ने ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है।



# प्रदेश के सभी तालाबों की सफाई करवाएं: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी तालाबों की सफाई करवाई जाए ताकि उनका पानी पशुओं के पीने या सिंचाई आदि के कार्यों में प्रयोग किया जा सके।
पंचायतों के सहयोग से ग्रामीणों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए कि वे तालाबों में कूड़ा - कर्कट एवं घरों से निकला गंदा पानी न जाने दें।
मुख्यमंत्री वीरवार को चंडीगढ़ में "द हरियाणा पौंड एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी" के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर अथॉरिटी के अलावा विकास एवं पंचायत विभाग, सिंचाई विभाग, वन विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, मछली पालन विभाग, लोक निर्माण विभाग , भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण समेत कई विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।
**प्रथम चरण में निम्न भू-जल स्तर वाले 500 गांवों को रिचार्ज करें:** मुख्यमंत्री ने गिरते भू -जल स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रथम चरण में 500 गांवों के भू-जल को रिचार्ज करने का लक्ष्य तय करें और इस कार्य को निर्धारित अवधि में पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भू-जल स्तर के नीचे जाने पर चिंता जताई है।
प्रधानमंत्री ने कहा था कि भूजल का कम होना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने लोगों को जल प्रदूषण का मुकाबला करने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने भी प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप कार्य करते हुए डार्क जोन में अधिक से अधिक पौंड ( तालाब ) बनाने चाहिए ताकि बरसात के दिनों में पानी का संचय किया जा सके। इससे जहां भू -जल स्तर में सुधार होगा वहीं इस पानी का बरसात के बाद अन्य कार्यों में सदुपयोग हो सकेगा। उन्होंने हांसी -बुटाना लिंक नहर को भी वाटर -स्टोरेज के लिए प्रयोग करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।
**जल-ऑडिट से व्यापक जल - प्रबंधन करने के निर्देश दिए:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में जल-ऑडिट से व्यापक जल - प्रबंधन करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में नदियों के आपस में जोड़ने के लिए "नदी जोड़ो परियोजना" के पहले चरण का शुभारंभ किया था। इसी तर्ज पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए की राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों को भी आपस में जोड़ने के लिए रोड़-मैप तैयार करें। इससे बरसात के दिनों में बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचने और निम्न भू-जल स्तर को ऊपर लाने में मदद मिलेगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि "संकल्प -पत्र" में "अमृत सरिता योजना" की परिकल्पना की गई थी। इसके तहत राज्य की सभी नहरों और नदियों के तटबंधों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को मनरेगा योजना के तहत करवाया जा सकता है। तटबंध मजबूत होने से नहर टूटने की घटनाओं पर रोक लग सकेगी।



## जल भराव के क्षेत्रों में मछली पालन पर जोर दें

सीएम नायब सिंह सैनी ने चरखी दादरी , झज्जर , महेंद्रगढ़ , सोनीपत , रोहतक समेत कुछ अन्य क्षेत्रों में होने वाले जल भराव को ठीक करने हेतु सोलर पंप से जल निकासी का प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा कि आस-पास के क्षेत्र में पौंड बनाकर मछली पालन का व्यवसाय शुरू किया जा सकता है। इसके लिए किसानों को प्रोत्साहित करें ताकि जल भराव वाले क्षेत्र से जल निकासी आसानी से हो सके।
**अमृत सरोवरों के किनारों पर पौधारोपण किया जाए:** मुख्यमंत्री को बैठक में जानकारी दी गई कि "द हरियाणा पौंड एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी" के तहत प्रदेश में कुल 19716 सरोवर बनाए गए हैं , इनमें से 18813 गांवों में और बाकी शहरों में हैं। मुख्यमंत्री ने सभी अमृत सरोवरों की समीक्षा करने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो सरोवर बन कर तैयार हो जाते हैं उनकी मैंटेनेंस बरकरार रखें और इनके किनारों पर पौधारोपण भी किया जाना चाहिए। इससे किनारों को मजबूती मिलेगी और पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। ग्रामीणों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वो अपनी बेटियों से पौधे लगवाएं ताकि इन पौधों से अपनत्व का जुड़ाव रहे।
मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान समय में भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। अमृत सरोवर योजना से जहां भू-जल स्तर को सही करने में मदद मिलेगी वहीं तालाब प्रदूषण मुक्त होने से साफ -सफाई रहेगी और लोग स्वस्थ रहेंगे।
**ये अधिकारी रहे मौजूद:** इस अवसर पर बैठक में मुख्य सचिव श्री विवेक जोशी , मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता , वित्त आयुक्त श्री अनुराग रस्तोगी , विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त डॉ अमित कुमार अग्रवाल , मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार सहित पौंड अथॉरिटी" के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली की जनता भाजपा को देगी सेवा का मौका : धनखड़




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल नाम की आप 'दा' से मुक्त होने का मन बना लिया है । दिल्ली की जनता ने जिस तरह लोकसभा चुनाव में सभी सातों सीटों पर कमल खिलाकर मोदी का साथ दिया है , उसी तरह अब दिल्ली की जनता ने विधान सभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प ले लिया है।
भाजपा की सरकार बनने पर देश की राजधानी दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाया जाएगा। धनखड़ ने कहा कि नरेला से पार्टी के विधायक रहे नीलदमन खत्री ने अपनी अपेक्षाओं की आहुति देते हुए पार्टी को मजबूत करने का निर्णय लिया है। यहीं भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। पार्टी के ऐसे तपस्वी कार्यकर्ताओं ने ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि दिल्ली की जनता ने पिछले दस वर्षों में केजरीवाल सरकार की भ्रष्ट नीतियों को झेला है और देश की राजधानी की गरिमा को कम करने का पाप किया है।

## श्रुति ने महिला सरपंचों को ब्रांड एंबेसडर बनाने के फैसले की सराहना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने चंडीगढ़ स्थित आवास कार्यालय में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री ने माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिला सरपंचों को उनके संबंधित गांवों की ब्रांड एम्बेसडर बनाने से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूती मिलेगी। इस संबंध में मंत्री ने अधिकारियों को संबंधित विभाग से संपर्क कर आगे की रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए। विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि राज्य में अब तक 4000 आंगनवाड़ी केंद्रों को खेल-आधारित शिक्षा और पोषण केंद्र में विकसित किया गया है। अगले पांच वर्षों में 10,000 आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा।

# हरियाणा में तीनों आपराधिक कानून 28 फरवरी तक लागू किए जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में प्रदेश में लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 28 फरवरी 2025 तक इन तीनों नए आपराधिक कानूनों को पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन कानूनों के क्रियान्वयन के लिए सिस्टम में आधारभूत परिवर्तन आवश्यक होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में लगभग 445 कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे कैदियों की पेशी जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जा सकेगी। इसके अलावा, ई-समन और ई-चालान की व्यवस्था को भी तेजी से अपनाने पर जोर दिया गया।

**लक्ष्य**

**▶▶ यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि नशे की सप्लाई चेन को रोकने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है**

बैठक में मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति अभियान को लेकर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाना सरकार का प्रमुख ध्येय है। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के तहत जन जागरण और सभी विभागों के साथ महिला और युवा जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे नशा रोकने के प्रयासों पर मासिक बैठक करें। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि नशे की सप्लाई चेन को रोकने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नशा मुक्ति केंद्रों का सख्ती से निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जो केंद्र मानकों पर खरा नहीं उतरते, उन्हें तुरंत बंद किया जाए।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**18.01.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन। |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन। |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ, स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी और बनारस स्टेशन |
| 09404 | जंघई | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, आगरा किला, बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, छायापुरी एवं आणंद स्टेशन। |
| 06019 | मंगलूरू | 04:15 | वाराणसी जं. | 14:50 | कासरगोड, नीलेश्वरम, पैय्यानूर, कण्णुर, तलश्शेरी, वडकारा, कोषिक्कोड, फरोक, तिरूर, षोरणूर जं., ओट्टप्पालम, पालक्काड जं., कोयंबत्तूर जं., तिरुप्पूर, इरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, गुडुर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपुरकागज नगर, बल्हारशाह जं., चंद्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन। |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन। |
| 06071 | चेन्नै सेन्ट्रल | 14:20 | गोमतीनगर | 14:15 | गुडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन। |
| 07107 | तिरुपति | 20:55 | बनारस | 15:45 | गुडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., एलुरु, ताडेपल्लिगुडेम, निडदवोल जं., राजमुंद्री, समालकोट जं., अन्नवरम, इलामंचिली, अनाकापल्ले, दुव्वाडा, पेंदुर्ती, कोट्टावलसा, विजयनगरम जं., बोब्बिली, पार्वतीपुरम, रायगढ़ा, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर जं., झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी जं., बरका काना, तोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डाल्टनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, सोन नगर, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, काशी एवं वाराणसी स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज(टर्मि.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जंक्शन, ठाणे और दादर स्टेशन |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 07707 | मौला अलि | 23:55 | आजमगढ़ | 17:15 | चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूर कागज नगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, बनारस एवं शाहगंज स्टेशन। |
| 06002 | गोमती नगर | 03:45 | चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गुडूर जं.स्टेशन। |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, रूडकी, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |

**19.01.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन। |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन। |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ, स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 09032 | गाजीपुर सिटी | 00:30 | उधना | 12:45 | औंड़िहार जं., जौनपुर, वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ललितपुर, बीना, गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, विश्वामित्री एवं भरूच स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन। |
| 08562 | विशाखपट्णम जं. | 22:20 | गोरखपुर | 20:25 | विजयनगरम जं., श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छतरपुर, बालुगांव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ाखोल, सम्बलपुर शहर, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चांपा जं., बिलासपुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जं., मऊ जं. और देवरिया सदर स्टेशन। |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 04662 | अमृतसर | 20:10 | फाफामऊ जं. | 19:00 | ब्यास, जालंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन । |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. के स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# हरियाणा एनसीबी ने वर्ष 2025 की कार्य योजना का रोडमैप किया तैयार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा राज्य**



नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मुख्यालय मधुबन पर ब्यूरो प्रमुख-पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा निदेशों की अनुपालना करते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने मुख्यालय और हरियाणा एनसीबी की सभी इकाईयों एवं रेंज के सभी उप पुलिस अधीक्षक, जिला न्यायवादी व इकाई प्रभारियों की मीटिंग ली। मीटिंग मे पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार द्वारा ऑनलाइन माध्यम से मीटिंग में शामिल हुई। मीटिंग की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा द्वारा की गई। मीटिंग मे वर्ष 2025 की कार्य योजना (एक्शन प्लान फोर 2025) को प्रस्तुत किया गया और हर हालात में निर्धारित किया गया। मीटिंग मे उप पुलिस अधीक्षक गजेंद्र कुमार द्वारा सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा और पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार द्वारा सभी अधिकारियो और कर्मचारियों के कार्यों और उनकी कार्यप्रणाली के बारे मे विस्तार से चर्चा की।

वर्ष 2025 की कार्य योजना की विस्तृत चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने सभी इकाईयों के नोडल अधिकारियो और प्रभारियों को योजना के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारित करे व लक्ष्यों से संबन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उन्होंने हरियाणा एनसीबी द्वारा मुख्यमंत्री के हरियाणा को नशा मुक्त राज्य बनाने के लक्ष्य को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा एनसीबी पिछले साल की तुलना में तीन गुणा लक्ष्य निर्धारित किया। जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक गाँवों और वार्डों को नशा मुक्त बनाना, नशें के वाणिज्य मात्रा के 750 केसों मे 1500 से अधिक नशा तस्करों की गिरफतारी, 100 करोड़ से अधिक नशा तस्करों की सम्पति की जब्ती, पिट एनडीपीएस के तहत 100 से अधिक नशा तस्करों को प्रतिबंधित करना, नशा तस्करों द्वारा अवैध रूप से अर्जित 200 से अधिक सम्पतियो को नष्ट करना, एनसीबी द्वारा दायर मुकदमों मे अपराधसिद्धी दर को 70 प्रतिशत तक लेकर जाना, 150 एंटी ड्रग विडिओ व 5000 से अधिक मीडिया रिपोर्टो के जरिए समाज और युवाओ को जागरूक करना शामिल है। उन्होंने अन्य साधनों का जिक्र करते हुए ऑनलाइन माध्यमों के द्वारा व अन्य तरीकों से स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों मे फैलाये जा रहे नशे के गिरोहों व नशा तस्करों की कमर तोडने पर जोर दिया।

विभिन्न ट्रैनिंग प्रोग्राम, शार्ट प्रोग्राम तथा ब्युरो द्वारा की चलाई गई विभिन्न मुहिम बारे विस्तृत चर्चा की।

# बराड़ा में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हमारा संविधान** हमारा स्वाभिमान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय बराड़ा में किया गया। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी बराड़ा अमित भारद्वाज ने हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान प्रस्तावना को पढ़ा। उपमंडल कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने भी हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान प्रस्तावना का वाचन किया। उपमंडल अधिकारी अमित भारद्वाज ने बताया कि भारत सरकार ने देश के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह की शुरूआत की घोषणा की है। यह निर्णय हमारे लोकतंत्र की उल्लेखनीय यात्रा और हमारे



संस्थापक सिद्धांतों तथा सवैधानिक मूल्यों की स्थायी विरासत को दशार्ता है। जो संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2024 से शुरू हो चुका है।

ये समारोह हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत आयोजित किये जा रहे हैं और इनका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुये संविधान के निमार्ताओं का सम्मान करना है।

इस कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा शुक्रवार 17 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे सविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन समस्त राज्य में किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार गीता राम, खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, सीडीपीओ किरण बाला, एएसआर हिमांशु सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### महिला और नाबालिग लड़की हुई लापता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले में जुंडला** व मधुबन क्षेत्र से एक नाबालिग व एक महिला संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। 16 वर्षीय लडकी फैक्ट्री में जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन लौटकर नहीं आई। परिजनों ने नाबालिग की सहेली पर शक जताया है। दूसरी ओर मधुबन क्षेत्र से एक महिला बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुंडला पुलिस चौकी को दी शिकायत में लापता नाबालिग के पिता ने बताया कि उसकी बेटी 15 जनवरी को सुबह करीब 8 बजे घर से यह कहकर निकली कि वह बमों की फैक्ट्री में जा रही है। शाम तक घर न लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने बताया कि बेटी ने 5-6 दिन पहले ही फैक्ट्री का काम छोड़ दिया था, उन्हें बेटी की सहेली पर शक है। पुलिस चौकी इंचार्ज भारत भूषण ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मधुबन थाना के एक गांव से महिला लापता हुई। पति ने शिकायत में बताया है कि उसकी पत्नी 16 जनवरी को सुबह करीब साढ़े पांच बजे बिना बताए घर से चली गई। पति के मुताबिक पत्नी पहले भी तीन-चार बार घर से जा चुकी है, लेकिन हर बार खुद ही लौट आई थी। इस बार देर तक घर न लौटने पर उन्हें चिंता हो रही है। मधुबन थाना प्रभारी गौरव ने बताया कि पति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। महिला की तलाश जारी है ।भाजपा में कार्यकताओं को मिलता है उचित सम्मान : जगमोहन आनंद

### जिला की तीन विधानसभाओं के 12 मंडलों के मंडल अध्यक्षों की हुई घोषणा : बृज गुप्ता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। आज भाजपा** कार्यालय कर्ण कमल में जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक जगमोहन आनंद ने करनाल के चारों मंडलों के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। बैठक में करनाल के कर्ण मंडल का अध्यक्ष नवीन बत्रा को बनाया गया। इसी प्रकार अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना, शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, रामनगर मंडल अध्यक्ष मोहित सचदेवा को बनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने बताया कि आज करनाल के चारों मंडलों के अतिरिक्त इंद्री विधानसभा व नीलोखेड़ी विधानसभा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है, जिसमें संघोया मंडल से राममेहर शर्मा, गढ़ीबीरबल संजय कुमार, कुंजपुरा मंडल अनिल चौहान, इंद्री विजय कुमार एवं नीलोखेड़ी के मंडलों में से नीलोखेड़ी मंडल से मुकेश भारती, निगदू राजपाल, तरावड़ी अंकुर गर्ग, निसिंग मंडल मनसा सिंह उर्फ जोनी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है और इस प्रकार जिला के 18 मंडलों में से 12 मंडलों के मंडल अध्यक्ष घोषित कर दिए गए। विधायक जगमोहन आनंद ने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा में सभी कर्मठ कार्यकताओं को उनकी मेहनत के बलबूते पर संगठन में आगे बढ? का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी कार्यकताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ और सिर्फ राष्ट्र हित व जनसेवा की बात करती है, इसलिए भाजपा परिवार से जुडकर कार्यकर्ता खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री हरियाणा शशीपाल मैहता, रमेश कश्यप, कृष्ण गर्ग, मेहर सिंह कलामपुरा, निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष अमर टक्कर, सुनील गुप्ता, बिशन सिंह शेखावत, निरूपमा सदर सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हकेंवि में हुआ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शुक्रवार को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों में इस आयोजन में प्रतिभागिता की। प्रो. आनंद शर्मा ने संविधान के संस्थापक सदस्यों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने नेतृत्व में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की विधि पीठ के अधिष्ठाता व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने प्रस्तावना के शब्दों और क्रम की महत्ता पर से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने संविधान में निहित सिद्धांतों को समझने और उनका पालन करने में प्रस्तावना की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय में यह आयोजन भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हरियाणा सरकार की पहल ह्यमेरा संविधान, मेरा स्वाभिमानह्य के अंतर्गत आयोजित किया गया।

# तीसरे दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का धरना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। ऑल** हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ का 11 कर्मचारियों को ड्यूटी से हटाए जाने के विरोध में सिंचाई विभाग कार्यालय में तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। शुक्रवार को धरने प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र कामरेड ने की तथा मंच संचालन रविंद्र फौजी ने किया। प्रांतीय प्रचार सचिव सुरेंद्र फौजी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की कथनी और करनी में फर्क है। एक तरफ तो सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों को जब सुरक्षा 58 साल जॉब गारंटी का ढिढोंरा पीट रही है। वहीं दूसरी ओर एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। इसी के विरोध में हमारी यूनियन ने जिस मंडल से कर्मचारियों को हटाया गया, वहां सभी जगह अनिश्किालीन धरना चल रहा है। आने वाली 21 तारीख को सिंचाई विभाग के परिमंडल कार्यालय पर अध्यक्ष अभियंता के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देगी और सिंचाई मंत्री और मुख्यमंत्री की समक्ष मिलने का समय लेने के लिए ज्ञापन दिया जा चुका है। हमारा संगठन गांधीवाद विचारधारा का है और बातचीत से समस्या का समाधान करने में विश्वास रखता है, लेकिन फिर भी अगर समय नहीं दिया गया तो 21 जनवरी को प्रांतीय नेतृत्व मजबूर होकर सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के निवास का घेराव करेगा और फिर भी समाधान नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री के निवास का घेराव करने पर मजबूर होंगे।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सिंचाई विभाग ब्रांच प्रधान सुभाष यादव, मुख्य संगठन कर्ता कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष भूप सिंह, जन स्वास्थ्य ब्रांच अध्यक्ष रमेश बेरी, उपप्रधान सुनील पाली, सचिव कुलदीप माजरा, मुख्य संगठनकर्ता करण सिंह आकोदा, खजांची यशपाल, प्रेस प्रवक्ता नरवीर, हैप्पी, उपप्रधान करण सिंह, रामकुमार, अनिल, नवीन, जयप्रकाश, वेदप्रकाश, रमेश, महावीर, मुख्य सलाहकार हवा सिंह, जिला सह सचिव सुरेश, ब्रांच सह सचिव संदीप, उपप्रधान दलीप चंद, प्रमोद, कृष्ण, नवीन, चेतन, जितेंद्र सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहें।

# काव्य पाठ प्रतियोगिता में लावण्या ने पाया दूसरा स्थान



**टीम एक्शन इडिया**
**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल गन्नौर की छात्रा लावण्या मलिक ने भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव की काव्य पाठ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह युवा महोत्सव 10 से 12 जनवरी तक आयोजित हुआ। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या रजनी शर्मा ने लावण्या एवं उनके परिवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर रजनी शर्मा ने कहा कि स्कूल में शिक्षा और सह-पाठयक्रम गतिविधियों पर भी जोर दिया जाता है। लावण्या मलिक की इस उपलब्धि से स्कूल की प्रतिष्ठा बढ़ी है। लावण्या दूसरे छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। ऐसी उपलब्धी विद्यार्थियों के विकास की यात्रा में एक नई दिशा देगी।

# संविधान के प्रति हमें सम्मान व गौरव : रेनू बाला गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय जनता पार्टी** 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस से पहले संविधान के प्रति सम्मान और उसके मूल्य को बढ़ावा देने के लिए एक पखवाड़े तक चलने वाला अभियान शुरू कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य विपक्षी पार्टियों द्वारा भाजपा पर संविधान को कमजोर करने के आरोपों के बीच शुरू किया जा रहा है। पार्टी ने इसे संविधान गौरव अभियान का नाम दिया है। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि भाजपा ने इस अभियान की अगुवाई के लिए अपने तीन राष्ट्रीय महासचिवों विनोद तावड़े, तरुण चुघ और लाल सिंह आर्य को नियुक्त किया है। तावड़े को अभियान का संयोजक बनाया गया है। इस अभियान के तहत पार्टी पूरे देश में 50 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और स्थानीय स्तर पर भी कई कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश जिला एवं मंडल स्तर पर और 25 जनवरी को बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# धूमधाम से मनाया तीर्थंकर जन्म कल्याणक महोत्सव, 20 रथों के साथ निकाली शोभायात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। नई अनाज** मंडी में श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य में पंचकल्याणक महोत्सव का तीसरा दिन जन्म कल्याणक महोत्सव के रूप में मनाया गया। महोत्सव की शुरूआत माता की गोद भराई और तीर्थंकर बालक के जन्म की विभिन्न गतिविधियों के मंचन से हुई। प्रथम कलश का सौभाग्य सुरेंद्र जैन खेत वाले परिवार को प्राप्त हुआ। महोत्सव के दौरान तीर्थंकर जन्म से पहले रत्नों की वर्षा का मंचन किया गया। भगवान के जन्म पर कुबेर इंद्र ने पंडाल में रत्न बरसाए। इसके बाद शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जैन मंदिर से शुरू हो कर रेलवे रोड, नगरपालिका रोड, बादशाही रोड, देवीलाल चौक से होते हुए वापिस नई अनाज मंडी स्थित पांडु शीला पहुंचकर संपन्न हुई।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82251031 | (2025-26 एएमआई कोड-30.07) इन्फ्यूजन ह्यूमन सीरम एल्बुमिन 20% w/v IV 100 मिलीलीटर बोतल में। | 1635 no's | 21.02.2025 |

निविदा शर्तें - 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 82251031 दिनांक:- 17.01.2025 192/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77246384 | कटिंग चेन सेट फॉर बी सी एम आर एम-80- मशीन | 16 सेट | 10.02.25 |
| 02 | 14251182 | ई जी बेस्ड, ग्रीन कलर्ड, 40-60 एंटीफ्रीज वाटर सोल्यूशन टू आई एस 5769/2006 | 61267 लीटर | 10.02.25 |
| 03 | 15245210A | हाई स्पीड प्रीसीजन लेथ मशीन | 02 नग | 11.02.25 |
| 04 | 77246605 | 70 डिग्री एंगल प्रोब | 864 नग | 13.02.25 |
| 05 | 06255001 | हाई टेन सील स्टील वायर स्ट्रैंड्स ऑफ 3 एम एम X3पी एल वाई | 350 एम टी | 14.02.25 |
| 06 | 06245057 | आई एस एच बी- 200X200X6एम एम | 300000 किलो ग्राम | 20.02.25 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। टेंडर नोटिस सं0 90/2024-2025 दिनांक: 17.01.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 195/25

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरती पत्नी अर्जुन पुत्री राजेंद्र निवासी मकान नं. एन-70/64, अरूना नगर, मजनू का टिला, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 255/2024 दिनाँक 06.05.2024 धारा 21/29 एनडीपीएस एक्ट एण्ड 78 जेजे एक्ट, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **आरती** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **आरती** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 255/2024 दिनाँक 06.05.2024 धारा 21/29 एनडीपीएस एक्ट एण्ड 78 जेजे एक्ट, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आरती** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.02.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री प्रांजल अनेजा
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)-02, कोर्ट कमरा नं. 222
केंद्रीय जिला, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली-54
दि.पु./768/उत्तर/2025

## भारतीय रेल

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

उत्तर रेलवे के नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | दिनांक |
|---|---|
| "दिल्ली मंडल के अंतर्गत देवबंद यार्ड में 25 केवी, सिंगल फेज एसी 5 हर्ट्ज नव विद्युतीकृत लाइन संख्या 5 (कॉमन लूप लाइन) और आरजीएम/टीटीएम साइडिंग का विद्युतीकरण, जिसमें मौजूदा लाइनों में संशोधन, देवबंद - रुड़की सेक्शन की नई लाइन के संबंध में मौजूदा देवबंद एसएसपी में संशोधन, स्थान संख्या टीटीएम/1 (सीएच: 145/897.00) से स्थान संख्या 147/36 (सीएच: 147/726.50) तक संबंधित टर्नआउट और एक्स-ओवर और दिल्ली डिवीजन के देवबंद-रुड़की सेक्शन के स्थान संख्या 147/36 (सीएच: 147/726.50) से स्थान संख्या 01/10 (सीएच: 647.80) तक संबंधित टर्नआउट और एक्स-ओवर के साथ नई लाइन का विद्युतीकरण।" | 20.01.2025 |

**भारतीय रेल**
**एसी 25 केवी ट्रैक्शन का परिचय**
**"सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरूआत के संबंध में:- **"दिल्ली मंडल के अंतर्गत देवबंद यार्ड में 25 केवी, सिंगल फेज एसी 5 हर्ट्ज नव विद्युतीकृत लाइन संख्या 5 (कॉमन लूप लाइन) और आरजीएम/टीटीएम साइडिंग का विद्युतीकरण, जिसमें मौजूदा लाइनों में संशोधन, देवबंद - रुड़की सेक्शन की नई लाइन के संबंध में मौजूदा देवबंद एसएसपी में संशोधन, स्थान संख्या टीटीएम/1 (सीएच: 145/897.00) से स्थान संख्या 147/36 (सीएच: 147/ 726.50) तक संबंधित टर्नआउट और एक्स-ओवर और दिल्ली डिवीजन के देवबंद-रुड़की सेक्शन के स्थान संख्या 147/36 (सीएच: 147/726.50) से स्थान संख्या 01/10 (सीएच: 647.80) तक संबंधित टर्नआउट और एक्स-ओवर के साथ नई लाइन का विद्युतीकरण।"** 4.78 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई के साथ सभी लेवल क्रॉसिंगों पर ऊंचाई गेज लगाए गए हैं और संपर्क तार सड़क के स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होंगे, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन के खतरनाक निकटता से रोका जा सके।

जनता को सूचित किया जाता है कि वे वाहनों को लोड करने के उद्देश्य से ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहनों में ले जाया गया भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करता है।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:-
i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में भी रुकावट।
ii) ले जाई गई सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन को खतरा।
iii) कंडक्टरों के संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
189/2025 उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

उत्तर रेलवे के नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | दिनांक |
|---|---|
| "मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत नई देवबंद-रुड़की खंड में 25 केवी, सिंगल फेज 50 हर्ट्ज एसी नव विद्युतीकृत लाइन देवबंद (छोड़कर) स्थान संख्या 01/10 (चेनेज: 647.80) से रूड़की (छोड़कर) स्थान संख्या 28/15 चेनेज: 549.30) तक, जिसमें साथ में झबरेड़ा में एसपी, रूड़की में एसएसपी का विद्युतीकरण, मनेड़ा-खास स्टेशन में माल लाइन और संबंधित टर्नआउट का विद्युतीकरण मौजूदा लाइनों में संशोधन, और एक्स-ओवर और उपरोक्त खंड में सहायक ट्रांसफार्मरों का विद्युतीकरण शामिल हैं (आरकेएम/टीकेएम-28.80/35.40) | 20.01.2025 |

**भारतीय रेल**
**एसी 25 केवी ट्रैक्शन का परिचय**
**"सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरूआत के संबंध में:- **"मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत नई देवबंद-रुड़की खंड में 25 केवी, सिंगल फेज 50 हर्ट्ज एसी नव विद्युतीकृत लाइन देवबंद (छोड़कर) स्थान संख्या 01/10 (चेनेज: 647.80) से रूड़की (छोड़कर) स्थान संख्या 28/15 चेनेज: 549.30) तक, जिसमें साथ में झबरेड़ा में एसपी, रूड़की में एसएसपी का विद्युतीकरण, मनेड़ा-खास स्टेशन में माल लाइन और संबंधित टर्नआउट का विद्युतीकरण, मौजूदा लाइनों में संशोधन, और एक्स-ओवर और उपरोक्त खंड में सहायक ट्रांसफार्मरों का विद्युतीकरण शामिल हैं (आरकेएम/टीकेएम-28.80/35.40)।** 4.78 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई के साथ सभी लेवल क्रॉसिंगों पर ऊंचाई गेज लगाए गए हैं और संपर्क तार सड़क के स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होंगे, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन के खतरनाक निकटता से रोका जा सके।

जनता को सूचित किया जाता है कि वे वाहनों को लोड करने के उद्देश्य से ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहनों में ले जाया गया भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करता है।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:-
i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में भी रुकावट।
ii) ले जाई गई सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन को खतरा।
iii) कंडक्टरों के संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
188/2025 उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की समय-सारणी में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | वर्तमान समय | | संशोधित समय | | तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | |
| 22439 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस | 14:05 | ---- | 14:15 | ---- | 20.01.2025 |
| 22477 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस | 23:15 | ---- | 23:20 | ---- | 20.01.2025 |
| 22478 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा – नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस | ---- | 05:50 | ---- | 05:45 | 21.03.2025 |

रेलयात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
191/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# भारत के लिए चेतावनी है कैलिफोर्निया की जंगल की आग

**पिछले** हफ़्ते से लॉस एंजिल्स में अग्निशामक दल विनाशकारी जंगल की आग को बुझाने के लिए हताशा से भरी मुहिम में जुटे हुए हैं। इस दावानल ने कई लोगों की जान ले ली और दो लाख से ज्यादा निवासियों को विस्थापन के लिए मजबूर कर दिया है। आग ने प्रशांत पैलिसेड्स और अल्ताडेना जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कहर बरपाया है। इस आपदा ने घरों, पूजास्थलों और महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को बर्बाद कर दिया है, जिससे कई लोगों को आश्रयों में रहना पड़ा है और हजारों लोग बिना बिजली के रह गए हैं। आग से हुए आर्थिक नुकसान की स्थिति चौंकाने वाली है। अनुमान के मुताबिक $135 बिलियन से $150 बिलियन के बीच यह नुकसान है। यह अमेरिका के इतिहास में दावानल से होने वाला सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान है। इस विनाशकारी आग से मिट्टी की उर्वरता, जल प्रणालियों, वन्य जीवों के नुकसान और वायु पर पड़े खराब गुणवत्ता का असर लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। कैलिफोर्निया में शहरी प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं। बढ़ते वैश्विक तापमान और लंबे समय तक सूखे ने जंगल की आग के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा की। वन क्षेत्रों में अतिक्रमण ने जानमाल के लिए जोखिम बढ़ा दिया। पुराने विद्युत ग्रिड और खराब तरीके से प्रबंधित बुनियादी ढांचे ने अक्सर जंगल में आग लगने की घटनाओं को बढ़ावा दिया, जैसा कि 2018 के कैंप फायर में देखा गया था। जंगल में आग लगने की घटनाओं का पैमाना अक्सर अग्निशमन संसाधनों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को प्रभावित करता है। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में उपनगरीय क्षेत्रों में आग को रोकने के लिए डिजाइन और जोनिंग नियमों का अभाव है। जंगल की आग से वायु की गुणवत्ता में काफी गिरावट आती है, जिससे शहरी आबादी प्रभावित होती है और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि होती है। पुनर्निर्माण की उच्च लागत और अपर्याप्त बीमा कवरेज ने कई निवासियों को आर्थिक रूप से तनाव में डाल दिया है। कैलिफोर्निया में जंगल की आग, भारत के लिए कड़ी चेतावनी है। भारत के लिए सबक जलवायु परिवर्तन शमन है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए महत्त्वाकांक्षी जलवायु कार्यवाही को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसमें अधिक लगातार और तीव्र चरम मौसम की घटनाएँ शामिल हैं। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण को रोके जाने की जरूरत है। शहरी गर्मी के प्रभावों को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरी छतों, शहरी जंगलों और हरित स्थानों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के लिए सख्त बिल्डिंग कोड लागू करें। समय पर अलर्ट प्रदान करने और निकासी की सुविधा के लिए उन्नत चेतावनी प्रणालियों में निवेश करें। समुदाय-आधारित आपदा तैयारी योजनाओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करें। सक्रिय वन प्रबंधन रणनीतियाँ विकसित करें जिसमें नियंत्रित जलाना और ईंधन में कमी के उपाय शामिल हों। संधारणीय भूमि उपयोग प्रथाओं को बढ़ावा दें, प्राकृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों की रक्षा करें और क्षरित परिदृश्यों को बहाल करें।

# अफगानिस्तान के साथ भारत के जुड़ाव और तालिबान

–प्रियंका सौरभ

> “भारत की अफगान नीति क्षेत्र में भारत के रणनीतिक लक्ष्यों तथा क्षेत्रीय और वैश्विक रणनीतिक परिवेश की स्पष्ट समझ पर आधारित होनी चाहिए। दोनों पक्षों यानी भारत और तालिबान के लिए यह आवश्यक है कि वे एक-दूसरे की चिंताओं को ध्यान में रखें और कूटनीतिक और आर्थिक सम्बंधों में सुधार करें। भारत को अफगानिस्तान में अपना निवेश बढ़ाना चाहिए, खास तौर पर बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। इससे अफगान अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने और रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी, साथ ही अफगानिस्तान के साथ भारत की आर्थिक भागीदारी भी गहरी होगी”

**अफगानिस्तान** पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। भारत ने अब तक केवल तालिबान को अलग-थलग करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हालाँकि, एक सीमा के बाद, यह विकल्प कम लाभ देगा, क्योंकि कई अन्य देश अब तालिबान से जुड़ना शुरू कर रहे हैं और भारत अफगानिस्तान में एक महत्त्वपूर्ण हितधारक है। तालिबान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के साथ सम्बंध हैं। तालिबान के साथ बातचीत से भारत में आतंकवादी गतिविधियों के बारे में भारतीय चिंताओं को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। तालिबान ने भारत को काबुल में अपना मिशन पुनः खोलने के लिए प्रोत्साहित किया, देश के लिए सीधी उड़ानें पुनः शुरू कीं तथा अफगान सैन्य प्रशिक्षुओं को भी स्वीकार किया। भारत को अफगानिस्तान के प्रति एक दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य और कूटनीतिक आयामों को एक व्यापक रणनीति के ढांचे के भीतर एक सुसंगत समग्रता में पिरो सके। तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद-रोधी और संपर्क जैसे राष्ट्रीय हितों को सहायता, शिक्षा और लैंगिक समानता जैसे मानवीय मूल्यों के साथ संतुलित करने वाले एक सूक्ष्म दृष्टिकोण को उजागर करता है। रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए, भारत की अफगानिस्तान नीति विकसित वास्तविकताओं के अनुकूल है, जो संयुक्त राष्ट्र के मानवीय आवश्यकताओं के अवलोकन (2023) में उल्लिखित विकासात्मक सहायता प्रदान करते हुए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है। तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव राष्ट्रीय हितों और मानवीय मूल्यों जैसे संकट के दौरान मानवीय सहायता के बीच संतुलन को दर्शाता है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान 50, 000 मीट्रिक टन गेहूँ और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान की, जो संकट के बीच अफगान लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि अफगान धरती का इस्तेमाल उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ नहीं किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि जुड़ाव मानवीय सहायता और आतंकवाद-रोधी प्रयासों दोनों को प्राथमिकता देता है। बुनियादी ढाँचे, शिक्षा और स्वास्थ्य परियोजनाओं में भारत



के निवेश ने क्षेत्रीय स्थिरता और अफगान नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने के उसके दोहरे उद्देश्य को उजागर किया। सलमा बाँध और इंदिरा गांधी बाल स्वास्थ्य संस्थान अफगान पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।

भारत लगातार अफगानिस्तान को स्थिर करने और सद्भावना बनाए रखने के लिए संवाद को बढ़ावा देते हुए अपने भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित करने के लिए तालिबान नेतृत्व से जुड़ता है। भारत अकादमिक आदान-प्रदान के माध्यम से अफगान छात्रों का समर्थन करता है और चिकित्सा पर्यटन की सुविधा देता है, जो दीर्घकालिक सांस्कृतिक और मानवीय सम्बंधों को दर्शाता है। हजारों अफगान छात्र भारत में शिक्षित होते हैं, जो लोगों से लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देते हैं। अफगानिस्तान के साथ भारत के जुड़ाव का आगे का रास्ता क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। भारत को अफगान स्थिरता सुनिश्चित करने और पाकिस्तान या चीन जैसे विरोधी देशों पर निर्भरता कम करने के लिए मध्य एशिया, ईरान और रूस को शामिल करते हुए बहुपक्षीय प्रयासों का नेतृत्व करना चाहिए। काबुल में राजनयिक मिशनों को मजबूत करना और उदारवादी तालिबान गुटों के साथ संवाद बढ़ाना सम्बंधों और मानवीय सहायता वितरण को संतुलित कर सकता है। अफगानिस्तान में भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों को फिर से खोलना आपसी समझ के केंद्र के रूप में काम कर सकता है। स्थिरता में आर्थिक निवेशः अक्षय ऊर्जा, कृषि और छोटे उद्यमों में निवेश का विस्तार भारत के क्षेत्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करते हुए अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था को स्थिर कर सकता है। अफगान सौर ऊर्जा परियोजनाओं का समर्थन करने से रोजगार पैदा हो सकते हैं और विदेशी सहायता पर निर्भरता कम हो सकती है। भारत को स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहायता बढ़ानी चाहिए, ताकि अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास सुनिश्चित हो सके। भारत को तालिबान पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि आतंकवादी संगठनों को बेअसर किया जा सके और उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सके। सीमा पार आतंकवाद को रोकने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने पर सहयोग करने से भारत के सुरक्षा उद्देश्यों को बढ़ावा मिल सकता है। भारत-अफगानिस्तान सम्बंधों में कई बाधाएँ हैं, जिनमें पाकिस्तान की भूमिका शामिल हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान में भारत की बढ़ती उपस्थिति को अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए खतरा मानता है, तथा उसने अफगानिस्तान के साथ अपने सम्बंधों को गहरा करने के भारत के प्रयासों को अवरुद्ध करने का प्रयास किया है। भारत और अफगानिस्तान दोनों ही आतंकवाद के निशाने पर हैं और अफगानिस्तान में अल-कायदा जैसे आतंकवादी समूहों की निरंतर उपस्थिति भारत के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे गरीब और कम विकसित देशों में से एक है और सलमा बाँध और संसद भवन जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और देश में निवेश करने के भारत के प्रयास सुरक्षा मुद्दों, भ्रष्टाचार और अन्य चुनौतियों के कारण बाधित हुए हैं। हाल के वर्षों में चीन अफगानिस्तान में तेजी से सक्रिय हो गया है और इससे क्षेत्र में तालिबान के साथ चीन के बढ़ते प्रभाव और जुड़ाव को लेकर भारत में चिंताएँ पैदा हो गई हैं।

अफगानिस्तान विश्व में अफीम का सबसे बड़ा उत्पादक है और मादक पदार्थों के व्यापार ने इस क्षेत्र में अस्थिरता और हिंसा को बढ़ावा दिया है, जिससे भारत और अफगानिस्तान दोनों प्रभावित हुए हैं।

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। भारत ने अब तक केवल तालिबान को अलग-थलग करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हालाँकि, एक सीमा के बाद, यह विकल्प कम लाभ देगा, क्योंकि कई अन्य देश अब तालिबान से जुड़ना शुरू कर रहे हैं और भारत अफगानिस्तान में एक महत्त्वपूर्ण हितधारक है। तालिबान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के साथ सम्बंध हैं। तालिबान के साथ बातचीत से भारत में आतंकवादी गतिविधियों के बारे में भारतीय चिंताओं को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। तालिबान ने भारत को काबुल में अपना मिशन पुनः खोलने के लिए प्रोत्साहित किया, देश के लिए सीधी उड़ानें पुनः शुरू कीं तथा अफगान सैन्य प्रशिक्षुओं को भी स्वीकार किया। भारत को अफगानिस्तान के प्रति एक दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य और कूटनीतिक आयामों को एक व्यापक रणनीति के ढांचे के भीतर एक सुसंगत समग्रता में पिरो सके।

भारत की अफगान नीति क्षेत्र में भारत के रणनीतिक लक्ष्यों तथा क्षेत्रीय और वैश्विक रणनीतिक परिवेश की स्पष्ट समझ पर आधारित होनी चाहिए। दोनों पक्षों यानी भारत और तालिबान के लिए यह आवश्यक है कि वे एक-दूसरे की चिंताओं को ध्यान में रखें और कूटनीतिक और आर्थिक सम्बंधों में सुधार करें। भारत को अफगानिस्तान में अपना निवेश बढ़ाना चाहिए, खास तौर पर बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। इससे अफगान अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने और रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी, साथ ही अफगानिस्तान के साथ भारत की आर्थिक भागीदारी भी गहरी होगी।

## कविता

रिश्ते अब रिश्तों से दूर होने लगे है।

रिश्ते अब रिश्तों से दूर होने लगे हैं,
लोग इस कदर मजबूर होने लगे हैं '

दुश्मनो से दोस्त करतें है गुजारिश,
भोले चेहरे भी मगरूर होने लगे है।

जमाने की कैसी हो गई फितरत,
भाई चारे कितने बेनूर होने लगे है।

आजमाँ कर देख बेदर्द जमाने को,
मंसूबे अब चकनाचूर होने लगे है।

नाते रिश्तों का अजब मायाजाल,
सिक्के ही चेहरों के नूर होने लगे है।

आरजू न रख सुनहरे कल की अब,
सारे सपने अब चूर-चूर होने लगें है।

फकीरी शायरी हमारी हमसफर,
खुदा के करम पुरनूर होने लगें हैं।

पुरनूर -

## सफलता संयम और निरंतर प्रयास की परिणति

संजीव

असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है और असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दशार्ती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,
लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है। आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है।

## विचार

# परीक्षा के दिनों में इन बातों का ध्यान रखिए

**अंजनी सक्सेना**

**परीक्षा कै**सी भी हो, बिना सही तैयारी और मार्गदर्शन के इसमें सफल होना संभव नहीं है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप एग्जाम को अपने ऊपर हावी कर लें। इससे न तो सही तैयारी हो पाएगी और न ही मिल पाएगी सफलता। यदि आप छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर तैयारी करेंगे तो परीक्षा में भी अव्वल आएंगे।

सिर्फ परीक्षा ही नहीं, किसी भी काम में सफलता पाने के लिए टाइम मैनेजमेंट बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लिए सबसे पहले अपनी दिनचर्या का एक टाइम टेबल अवश्य बना लें। दिन के चौबीस घंटों में से सोने, खाने और खेलने के घंटे बांट लें। अब जितने भी घंटे बचे हैं, उन्हें अपनी पढ़ाई के विषयों के लिए बांट लें। जिस विषय में आपकी कम दिलचस्पी है या आप जिसमें वीक हैं, उस विषय के लिए कुछ अधिक समय रखें। कोशिश करें कि अपने बनाए टाइम टेबल के अनुसार प्रतिदिन पढ़ें। ऐसा नहीं कि किसी विषय का समय कम करके मस्ती करने लगें। हर विषय को समय दें, ऐसा न हो कि प्रिय विषय को खूब पढ़ा और किसी दूसरे को छोड़ दिया।

इम्तहान के दिनों में सोच-समझ कर खाना खाएं। ध्यान रखें कि गरिष्ठ भोजन से परहेज करें। ज्यादा घी-तेल वाला भोजन आलस्य लाता है। एक बार ही भर पेट खाना खाने की अपेक्षा थोड़े-थोड़े अंतराल पर खाएं, क्योंकि पूरा दिन तो बैठे-बैठे पढ?ा होता है। ऐसे में शरीर की अपेक्षा दिमाग को ज्यादा एनर्जी चाहिए। दूध, सूखे मेवे, सूप आदि लें। नींद भगाने के लिए बच्चे एक के बाद एक चाय या कॉफी न लें या कम से कम मात्रा में लें। नींद आने लगे तो अपनी स्टडी टेबल से उठकर दूसरे कमरे या बरामदे तक चक्कर लगा लें। नींबू पानी बार-बार पी सकते हैं। ताजा कटा सलाद व ताजे फल ज्यादा खाएं। खट्टी चाट-पकौड़ी, जिनसे आपका गला व पेट खराब होने का खतरा रहता है, इन चीजों के इस्तेमाल से बचें। रात-बेरात आइसक्रीम, कुल्फी आदि न खाएं। चिल्ड वॉटर, चिल्ड कोल्ड ड्रिंक न पीएं। सॉस, चटनी से भी इन दिनों बचें। ध्यान रकें कि इन दिनों संतुलित व पौष्टिक आहार ही लें। यदि दोस्त बातूनी नहीं है, आपकी ट्यूनिंग उनसे अच्छी है, तो दोस्त के साथ मिलकर भी पढ़ाई की जा सकती है। ऐसे में यदि गणित के सवाल दोनों मिलकर करेंगे तो समय की बचत होगी और एक-दूसरे के साथ काम्पिटीशन के कारण पढ़ाई ज्यादा ही हो जाएगी। एक-दूसरे को याद करके सुनाने से पाठ अच्छा याद होता है। ग्रुप स्टडी के कई फायदे होते हैं, जैसे आपको कोई विषय की जानकारी नहीं है, अगर आपके दोस्त को उससे संबंधित जानकारी है, तो आप बिना परेशान हुए उस विषय को समझ सकते हैं। परीक्षा के हौवे के कारण कोई टीवी की देखना बंद कर देता है तो कोई खेलना ही बंद कर देता है। माना पढ़ाई में ये दोनों चीजें बाधक हैं, पर पूरी तरह खेलने व टीवी देखने पर बैन न लगाएं। मनोचिकित्सकों का भी कहना है कि काफी पढ़ चुकने के बाद ब्रेक लेना जरूरी है।

ऐसे में पढ़ाई की थकान को दूर करने के लिए खेलना और छुटपुट कार्टून आदि देखना बेहतर रहता है। परीक्षा के दिन हैं, रिजल्ट भी अच्छा लाना है। ऐसे में बतियाते हुए समय नहीं गंवाना चाहिए। फोन पर भी जरूरत की बात ही करें, फालतू में समय न गवाएं। इम्तहान की तैयारी के लिए अधिकतर बच्चे सुबह जल्दी उठ जाते हैं। ऐसे में प्राणायाम व हल्के-फुल्के कुछ व्यायाम करके देखें। शरीर अनूठी ताजगी महसूस करेगा। इन दिनों जो भी पढ़ रहे हैं, उसे रट्टा न लगाकर ध्यान से पढ़कर याद करें। ऐसा करने से परीक्षा भवन में बैठकर उत्तर एकाएक भूलेगा नहीं। साथ ही जो याद कर रहे हैं, उसके छोटे-छोटे नोट्स बना लें। प्वाइंटस में उत्तर याद करना आसानी है। इन बातों को ध्यान में रखकर इम्तहान की तैयारी करेंगे, तो सफलता अवश्य मिलेगी। (विभूति फीचर्स)


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अरबपतियों का गाँव

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

गाँव के चौराहे पर शाम का मेला लगा था। ढोल बज रहा था, पकोड़े तले जा रहे थे, और चौपाल पर बैठा हर आदमी अपनी खस्ता जेबों की कहानियाँ सुना रहा था। तभी प्रधानजी आते हुए बोले, "खबर सुनी? हमारे देश में 185 अरबपति हो गए हैं!" रामदीन काका, जिनकी धोती का एक सिरा फटा हुआ था, ताली बजाते हुए बोले, "वाह! अब तो सबका भला होगा।" बगल में बैठा छोटू, जो रोज रिक्शा चलाकर पेट पालता था, पूछ बैठा, "काका, यह अरबपति होते क्या हैं?" काका ने जवाब दिया, "अरे, अरबपति मतलब जिनके पास इतने पैसे हों कि गिनने के लिए कलेंडर लगाना पड़े!" छोटू आँखें फाड़कर बोला, "फिर तो मैं आधा अरबपति हूँ। मेरे पास गिनने लायक पैसे नहीं हैं।" यह सुनकर चौपाल में ठहाका गूंजा। लेकिन प्रधानजी गम्भीर हो गए। बोले, "तुम नहीं समझोगे, अरबपति बढ़ने का मतलब है देश का विकास।" यह सुनकर हलवाई रामसिंह ने चिमटा उठाया और बोले, "प्रधानजी, मेरे चूल्हे की आँच तो रोज ठंडी पड़ती है। यह विकास वाली आग कौन सा ईंधन जलाकर लाई जाती है?" प्रधानजी ने जोर से खाँसते हुए कहा, "देखो, यह सब बड़े-बड़े लोग करते हैं। वे पैसा लगाते हैं, फैक्ट्रियाँ लगाते हैं, और तुम जैसे लोगों को रोजगार देते हैं।" तभी कालेज की पढ़ाई छोड़कर लौटे रवि ने सवाल दागा, "तो ये अरबपति किस फैक्ट्री में पैसे लगाते हैं जहाँ मजदूरों के हिस्से में सिर्फ वादे आते हैं?" चुप्पी छा गई। प्रधानजी ने बात बदलते हुए कहा, "वैसे, अगले साल और अरबपति बनेंगे। सोचो, कितनी तरक्की होगी!" बुद्धू हलवाई मुस्कुराते हुए बोला, "तो फिर हम जैसे लोगों की संख्या भी बढ़ेगी। हम ह्यसौदागर' कहलाएँगे– गरीबी बेचकर अमीरों को बधाई देने वाले।" मंटू धोबी, जो पुराने कपड़े सुधारने का काम करता था, ठहाका लगाते हुए बोला, "प्रधानजी, जब अगली बार आपकी गाड़ी खराब हो, तो मुझे अरबपति बनने का मौका दीजिए। मैं आपकी गाड़ी धक्का लगाकर धनी बन जाऊँगा।" प्रधानजी को गुस्सा आ रहा था।

# नेताजी की शोक सभा के खटके

**रामविलास जांगिड़**

आजकल शोक सभा किसे प्यारी नहीं होती है? हर कोई बंदा शोक सभा को बहुत प्रभावी और आकर्षक बनाना चाहता है। आइए देखते हैं नेताजी की शोक सभा के खटके- शोक सभा का न्योता एक शानदार गिल्ट-एज वाले कार्ड पर भेजा। जिसमें लिखा- आपकी अनुपस्थिति से स्वर्गीय को दुख होगा। कृपया समय पर पधारें। डिजिटल जमाने में व्हाट्सएप ग्रुप और ईमेल का उपयोग किया। कार्ड में क्यूआर कोड के साथ लाइव स्ट्रीमिंग लिंक भी दी, इससे दूर बैठे रिश्तेदार भी इस ह्यमहानह्न आयोजन का हिस्सा बने। इवेंट मैनेजर को हायर किया गया। शोक सभा की थीम, रंगों का संयोजन, फूलों की सजावट और हर व्यक्ति के बैठने की व्यवस्था तक, सब कुछ इस मैनेजर ने सजाया। मंदार, गुलाब और ऑर्किड के फूलों की ऐसी सजावट की गई कि देखने वाले के मुंह से वाह-वाह का फव्वारा फूट पड़ा। फूलों की पंखुड़ियां लाल कालीन की तरह बिछाई, इससे प्रवेश करते वक्त शोक कताओं को अपनी प्रेमिकाएं ही याद आने लगी। शोक सभा में शामिल होने वालों के लिए चारों दिशाओं में एक खास चाय कॉफी के स्टॉल लगाए। कॉर्नर पर कॉफी के साथ-साथ हर्बल चाय और ग्रीन टी का विकल्प भी रखा। समोसे, बर्गर, पेटीज, पिज्जा, मोमोज और मसाला डोसा शामिल रहे। इन पर स्वर्गीय के पसंदीदा टैग भी लगाए। हर व्यक्ति को मिनरल वाटर की बोतल दी गई, जिस पर स्वर्गीय का नाम और फोटो प्रिंट था। 'यादों का अमृत' टैगलाइन से इसे प्रमोट किया जा गया। शोक सभा में धीमा और मार्मिक संगीत बजाया गया। मांग के आधार पर कुछ नए फिल्मी गाने बजाए गए। दो प्रशिक्षित महिला शोक प्रस्ताव रीडर की सेवाएं ली गई, जो पूरे विश्वास के साथ स्वर्गीय के गुणगान करने में मस्त रही। स्वर्गीय के जीवन को दशार्ने वाले स्लाइड शो और वीडियो क्लिप्स दिखाने के लिए चार बड़े डिजिटल प्रोजेक्टर लगाए गए। तीन फोटो बूथ के साथ-साथ पांच सेल्फी प्वाइंट भी लिए बनाए। यहां लोग स्वर्गीय की तस्वीर के साथ सेल्फी लेते रहे। कैप्शन में लिखा- आप हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### जिला स्तर पर सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: उपायुक्त कार्यालय** में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम में नगराधीश पूजा कुमारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान प्रस्तावना की सामूहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक अपनी-अपनी भूमिकाओं को निभाते हुए विकसित भारत बनाने में अपना अहम योगदान दें।उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के दृष्टिगत इस वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाना और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान नगराधीश ने संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता, मौलिक अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता तथा अन्य संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान नागरिकों को न्याय, समानता और स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। साथ ही, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने वाली बंधुता की भावना को बढ़ावा देता है। संविधान प्रस्तावना सामुहिक कार्यक्रम के तहत एसडीएम कार्यालय, डीआईपीआरओ कार्यालय, बाल भवन व जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, नगर निगम, नगर परिषदों व पंचायतों में भी संविधान प्रस्तावना वाचन के तहत शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने संविधान के उद्देश्यों और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### महिला के साथ मारपीट, धमकी और ब्लैकमेलिंग का मामला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के शुगर मिल** क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट, धमकी और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि युवक उसे पिछले करीब एक साल से परेशान कर रहा है। वह न केवल उसे जान से मारने की धमकी देता है, बल्कि फोन कॉल रिकॉर्डिंग व वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल भी करता है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीडिता अब शादीशुदा हैं और सोनीपत में रहती हैं। पीडिति ने शिकायत में बताया कि युवक पिछले एक साल से उसे परेशान कर रहा है। वह उसकी पुरानी फोटो और वीडियो का गलत इस्तेमाल कर उसे बदनाम करने की धमकी देता है। वह फोन करके गंदी बातें करता है और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि युवक की हरकतों से तंग आकर वह कुछ दिनों के लिए करनाल में अपने मायके सूरज नगर शुगर मिल आई थी, लेकिन 16 जनवरी को दोपहर 3 बजे आरोपी वहां भी पहुंच गया और उनके घर पर तोडफोड़ की, गेट पर लात मारी और उनके पति की बाइक को नुकसान पहुंचाया।

### चोर वकील के घर से लाखों के जेवरात और नकदी लेकर हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के घरौंडा** क्षेत्र में रामलीला मैदान स्थित एक मकान में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। इस घटना में अज्ञात चोरों ने एक वकील के घर से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी का यह मामला तब सामने आया, जब घर के मालिक देविंद्र सिंह को उनके पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला होने और सामान बिखरा होने की सूचना दी। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मकान मालिक देविंद्र सिंह पेशे से वकील हैं और उनकी पत्नी जेबीटी टीचर हैं। दोनों रोजाना की तरह अपने-अपने काम पर गए हुए थे।

# समाधान शिविर में निरंतर हो रहा आमजन की समस्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेशानुसार व उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला अम्बाला में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर लोगों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। लोग यहां पर अपनी समस्या को सुगमता से रखकर उसका निदान भी करवा रहे हैं। समाधान शिविर के तहत 25 नवम्बर 2024 से 16 जनवरी 2025 तक जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में 712 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 616 शिकायतों का निपटान कर दिया गया है व शेष बची 96 शिकायतों पर सम्बन्धित विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। शिकायतों का निवारण करने का प्रतिशत 86.51 है। जिला स्तर पर शुक्रवार को आयोजित समाधान



शिविर में नगराधीश पूजा कुमारी ने आए प्रार्थियों की समस्याओं व शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होने कहा कि उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में समाधान शिविर बेहद ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं। किसी भी कार्य दिवस पर आमजन प्रातः 10 से 12 बजे तक अपनी समस्या को लेकर जिला स्तर या उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में जाकर अपनी समस्या को रखकर उसका समाधान करवा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उपायुक्त द्वारा पहले से ही निर्देश दिए गए हैं कि समाधान शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही है सम्बन्धित विभाग उन शिकायतों का बेहतर समन्वय के साथ निपटान करना सुनिश्चित करे। यदि किसी समस्या के समाधान में कोई तकनीकी या अन्य कोई दिक्कत है उस बारे प्रार्थी को भी अवगत करवाएं। इतना ही नहीं यदि कोई प्रार्थी अपनी समस्या को लेकर किसी विभाग में जाता है तो वहां पर भी प्रार्थी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उसका निवारण करने बारे निर्देश दिए हुए हैं। इन शिविरों की विशेषता यह है कि यहां पर सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे मौजूद रहते हैं और यदि उनके विभाग से सम्बन्धित कोई शिकायत होती है तो उसे मौके पर ही शिकायत मार्क कर सौंपते हुए उसका निवारण करने के निर्देश दिए जाते हैं। यदि किसी समस्या का हल मौके पर ही होना संभव होता है तो उस समस्या का निवारण भी किया जाता है। शिविरों के दौरान आने वाले प्रार्थी हरियाणा के मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त करते हैं कि उन्होंने प्रदेश भर में समाधान शिविरों का आयोजन करवाकर लोगों को काफी राहत प्रदान की है।

## एक शौर्य गाथा का आज कुंजपुरा में हुआ आगमन




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एनसीसी** साइकिल अभियान, भारत के वीर : एक शौर्य गाथा आज कुंजपुरा पहुंचा, जिसे एनसीसी निदेशालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के एनसीसी कैडेटों द्वारा ऐतिहासिक योद्धाओं और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को समर्पित करने के लिए चलाया गया है। इसका उद्देश्य कैडेटों और नागरिकों के बीच राष्ट्रीय एकता, साहस और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है। 14 दिवसीय अभियान, जो 7 जनवरी को हुसैनीवाला (पंजाब) से नई दिल्ली तक शुरू हुआ, का लक्ष्य लगभग 700 किलोमीटर की दूरी के दौरान अपने मार्ग में आने वाले महत्वपूर्ण युद्धक्षेत्रों और स्मारकों का दौरा करना है। सैनिक स्कूल, कुंजपुरा के प्रिंसिपल कर्नल विजय राणा ने आगमन पर रैली का स्वागत किया। यहाँ टीम के सदस्यों ने कुंजपुर के वीरों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। कर्नल सोमबीर डब्बास के नेतृत्व वाली इस टीम में 15 साइकिल चालक हैं, जिनमें छह लड़कियां और छह लडके कैडेट शामिल हैं।

## दुकान से नगदी और सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा तरावड़ी** में एक किराने की दुकान में चोरों ने आधी रात को घुस कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नई अनाज मंडी स्थित कल्याण करियाना स्टोर से चोरों ने करीब 25 हजार रुपए नकद, एक मोबाइल फोन, एक-दो चेकबुक और अन्य सामान चोरी कर लिया। दुकान मालिक ने पड़ोस के एक दुकानदार पर शक जताया है और मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। स्टोर के मालिक बलजीत सिंह ने बताया कि चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## स्वामी ऋषिपाल आनंद ने त्रिवेणी किनारे लगाया शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रयागराज में** आयोजित महाकुंभ में करनाल की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने प्रमुखता से भागीदारी शुरू कर दी है। ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय ट्रस्ट के संरक्षक व संयोजक करनाल के स्वामी ऋषिपाल आनंद को यूपी प्रशासन ने त्रिवेणी संगम घाट के नजदीक शिविर लगाने की अनुमति दी है। प्राचीन चक्र माधव जी मंदिर के नजदीक सेक्टर 24 में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण ट्रस्ट की ओर से आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिविर का निर्माण किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं को ठहरने के साथ भोजन और भंडारे की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उनके साथ



करनाल के ही व्यवसायी ऋषि शर्मा सहयोग कर रहे हैं।
देश के प्रसिद्ध संत आचार्य प्रभाकर मिश्र के शिष्य स्वामी ऋषिपाल आनंद इससे पहले भी कई बार हरिद्वार और प्रयागराज में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में शिविर लगाते रहे हैं। पिछले 30 वर्षों से समाज सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पित स्वामी ऋषिपाल आनंद ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन सहित अन्य अनेक सामाजिक, धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया है। मधुबन स्थित आश्रम से अपनी सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों को संचालित करते आ रहे स्वामी ऋषिपाल आनंद नेपाल सहित कई देशों की यात्राएं कर चुके हैं और हिंदू समाज को एकजुट करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। वह अभी तक 5 बार कुंभ में जा चुके हैं। दो बार हरिद्वार और 3 बार प्रयागराज कुंभ का पुण्य लाभ उठा चुके हैं। वह 2 जनवरी से कुंभ क्षेत्र में है, 14 जनवरी मकर संक्रांति को उन्होंने आचार्य महामंडलेश्वरों के साथ अमृत स्नान किया था।
अब वह 26 फरवरी को वापस करनाल आएंगे। नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के मुख्य ट्रस्टी अर्जुन प्रसाद बस्तोला व महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी प्रेमानंद जी महाराज भी शिविर में कल्पवास करेंगे।

## अंतरिक्ष सफलता पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत ,( कमाल हुसैन )**
**सीनियर सेकेंडरी स्कूल** ,पानीपत में प्रिंसिपल रेखा शर्मा की अध्यक्षता में भारत की ऐतिहासिक अंतरिक्ष सफलता पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया ।.इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल ने बताया कि भारत में अंतरिक्ष में पहली बार उपग्रह की डॉकिंग कराई गई है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है। ऐसा करने से भारत को अंतरिक्ष संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां भविष्य में मिलेगी। चंद्रमा और सूर्य पर विजय पताका फहराने के बाद इसरो ने पहले बार अंतरिक्ष में उपग्रहों की सफल डॉकिंग कर एक और ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। दो उपग्रहों जिनका नाम चेंजर और टारगेट जब एक दूसरे से जुड़े तो 140 करोड़ भारतीय के लिए यह गौरव का विषय था। अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी विकसित करने और उसका प्रदर्शन करने के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीकी पहल है। यह महत्वपूर्ण क्षमता दो अंतरिक्ष यान को कक्षा में रहते हुए आपस में जुड़ने की अनुमति देता है। जिससे भविष्य में अंतरिक्ष स्टेशन बनाने, उपग्रह की मरम्मत करने या ईंधन भरने जैसे मिशनों में मदद मिलती है।

## फायर कर जानलेवा हमला करने के आरोप में दूसरा युवक भी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

जिले की क्राईम युनिट खरखौदा की पुलिस टीम नें फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त दुसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल निवासी कंसाला जिला रोहतक का रहने वाला है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 29 अक्टूबर जसबीर पुत्र जोगिन्द्र निवासी कंसाला जिला रोहतक नें थाना खरखौदा में शिकायत दी कि वह और



उसके मामा का लडका मोहित पुत्र धर्मबीर निवासी गोपालपुर जिला सोनीपत दोनो बाईक पर अपने घर का समान लेने के लिए गए थे। जब हम दोनो समय करीब 3 बजे दोपहर को गाँव गोपालपुर में वापिस जा रहे थे जो मोटरसाईकिल को मैं चला रहा था व मोहित पीछे बैठा हुआ था जब हम गोपालपुर अंडरपास पहुंचे तो पीछे से एक मोटरसाईकिल पर 2 लडके बैठे थे उनमें से 1 ने अपने हाथ में ली हुई देसी पिस्तौल से मोहित पर गोली चला दी जो गोली मोहित की कमर में लगी जो मैने बाईक को तेज भगा लिया फिर दोनो लडको ने हमारा पीछा किया और कई फायर किए मोहित ने मुझे बतलाया कि गोली चलाने वाला सन्नी खरखौदा है। इस जानलेवा घटना का थाना खरखौदा में मुकदमा दर्ज किया गया था। जाँचकर्ता टीम ने फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त आरोपी अंकुश उर्फ भूंडरी निवासी गढी सिसाना जिला सोनीपत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब उसी घटना में अन्य आरोपी राहुल निवासी कंसाला जिला रोहतक को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

## केयू छात्रा नम्हा यादव ने रील मेकिंग प्रतियोगिता में जीता दूसरा स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: विश्व संवाद** केन्द्र एवं सेवा भारतीय के तत्वावधान में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित वृत्तचित्र व रील प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान की एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार की छात्रा नम्हा यादव ने रील मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही इसी कक्षा के अमन मलिक



को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में भी संस्थान के विद्यार्थियों ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। इस अवसर पर संस्थान की निदेशिका प्रो. बिन्दु शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## वर्कशॉप में हुए शॉर्ट सर्किट से फैली आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** जुंडला में खुशी का माहौल अचानक मातम में बदल गया, जब एक 92 वर्षीय बुजुर्ग की आग में जलकर मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर की है। मृतक की पहचान ख्यालीराम के रूप में हुई है, जो अपनी सबमर्सिबल वर्कशॉप में सो रहा था। शॉर्ट सर्किट के कारण पीवीसी शीट में आग लग गई, जिससे कमरा धुएं से भर गया। धुएं के कारण ख्यालीराम बेहोश हो गया और आग में जलकर उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवाया।

## पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में प्रथम पीएमटीएसई का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: पूर्ण** मूर्ति ग्लोबल स्कूल ने वर्ष 2025 के पहले पूर्ण मूर्ति टैलेंट सर्च एग्जाम का भव्य आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें उनकी शैक्षिक प्रगति में प्रोत्साहित करना है। इस परीक्षा में छात्रों ने अपनी श्रेष्ठता साबित की और कई मेधावी छात्रों को हजारों रुपये की छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल के शिक्षण गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है, जो छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के



दौरान, स्कूल के चेयरमैन *डॉ. विजय पाल नैन*, सचिव *गौतम नैन*, और प्रधानाचार्या *हिमानी दहिया* विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार की लगन और मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विजय पाल नैन ने कहा, *"पीएमटीएसई का मुख्य उद्देश्य छात्रों की छुपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करना और उन्हें उनकी क्षमताओं के अनुसार प्रोत्साहन प्रदान करना है। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा देने का प्रयास है।" प्रधानाचार्या हिमानी दहिया ने छात्रों और उनके अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि, *"आप सभी का सहयोग और छात्रों की मेहनत ही इस कार्यक्रम की सफलता का मुख्य कारण है। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल और उसकी सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, "पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता है। स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल कक्षाएं, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## निगमायुक्त ने चल रहे मरम्मत कार्यो का किया औचक निरीक्षण

### वार्ड में चल रहे गली, नाली, पैचवर्क व पुलिया इत्यादि के मरम्मत कार्यो का देखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने शहर में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने के मकसद से सुभाष गेट क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में चल रहे गली, नाली, पैचवर्क व पुलिया इत्यादि के मरम्मत कार्यों का देखा। बता दें कि वार्ड 15 में एक वर्ष की अवधि के लिए 25 लाख रुपये की अनुमानित लागत से मरम्मत कार्य करवाने के लिए टैण्डर लगाया गया था, जिसके बाद वार्ड की विभिन्न गलियों, नालियों व पुलिया इत्यादि के मरम्मत कार्य करवाए जा रहे थे। कार्य ठीक



प्रकार से किए जा रहे हैं और इनकी गुणवत्ता कैसी है, इसे देखने के लिए निगमायुक्त ने यहां का दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद निगम अभियंताओं से कार्यों की पैमाईश करवाई और उसका मेजरमेंट बुक यानि माप पुस्तिका में की गई एंट्री से मिलान किया। कार्यों की क्वालिटी भी चैक की और अपनी संतुष्टि्द जाहिर की। इसके पश्चात उन्होंने अमरूत-1 स्कीम के अंतर्गत नगर निगम द्वारा मीरा घाटी में बनवाए गए आई.पी.एस. यानि इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन का दौरा किया और उसमें लगी मोटरों को अपने समक्ष चलवाकर देखा। आई.पी.एस. में किस-किस क्षेत्र का बरसाती पानी आता है, ड्राईंग की सहायता से उसे भी देखा। निगमायुक्त ने बताया कि मीरा घाटी आई.पी.एस. की क्षमता 199 एम.एल.डी. है। यह वर्ष 2024 के अगस्त माह में बनकर तैयार हुआ था। इसमें एक 14 मीटर डाया की चौड़ाई का सिंकिंग वेल भी बनाया गया है, जिसकी गहराई 12 मीटर है।
आई.पी.एस. में 65 व 300 होर्स पावर (एच.पी.) की दो-दो लगी हुई हैं, जो बरसाती सीजन के दौरान पूरी क्षमता के साथ अपना कार्य करती हैं। उन्होंने बताया कि निगम अभियंताओं द्वारा रैंडमली भी इन मोटरों को चलाकर देखा जाता है। उन्होंने बताया कि आई.पी.एस. में शहर के वार्ड नम्बर 13, 14, 15, 16, 17, 18 व 19 के विभिन्न क्षेत्रों का बरसाती पानी आता है, जिसे मोटरों की सहायता से ड्रेन नम्बर एक में छोड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि इसके बनने के बाद उपरोक्त क्षेत्रों में बरसाती सीजन के दौरान जल भराव की समस्या खत्म हुई है। निगमायुक्त के दौरे में तकनीकी विशेषज्ञ सतीश शर्मा, सहायक अभियंता मदन मोहन गर्ग, कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार व राज कुमार तथा तकनीकी सलाहकार सुनील भल्ला मौजूद रहे।

## ओलावृष्टि से खराब हुई फसलो के मुआवजे को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा उपमंडल के** गांव रोहणा के किसानों ने शुक्रवार को एक ज्ञापन एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर को सौंपा हैं। उसमें किसानों ने बताया कि बीते साल 2 मार्च को हुई भारी ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद हो गई थी, और उस दौरान काफी नुकसान हुआ था लेकिन कई किसानों के आधार कार्ड और बैंक खातो में नाम की त्रुटी होने पर सरकार के आदेश अनुसार उसको लगभग 7 महीने पहले किसानों ने ठीक करा लिया था। 23 नवंबर 2024 को डीसी सोनीपत से भी किसान मिले थे और डीसी



साहब ने भी सभी गांव के नाम नोट किए थे। लेकिन आज तक तक किसानों को उनकी खराब हुई फसल का मुआवजा नही मिला है। जिसके बारे में कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। उनकी माँग हैं कि ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का उचित मुआवजा दिलाया जाए। इस मौके पर विकेश दहिया रोहणा, रामदिया गोपालपुर, प्रवेश खांडा, कृष्ण सिसाना, देवेंद्र सिसाना, हरपाल झरोठी, जय सिंह रोहणा, दीपक मटिण्डू , स्वदेश, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी द्वारा लंगर का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** गत दिवस श्री विजय इन्द्र धाम पर श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। सोसायटी के प्रधान भविक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सोसायटी द्वारा 2 जनवरी को महाराष्ट्र के जैन तीर्थों के दर्शन करवाने के लिए 200 यात्रियों का संघ अंबाला से गया था और सकुशलपूर्वक यात्रा संघ 12 जनवरी को वापिस अंबाला पहुँचा। यात्रा के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री विजय इन्द्रधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश जैन, रजत जैन, सुशील जैन(सोनूजी), संदीप जैन के साथ सोसायटी की प्रबंधक समिति के सदस्य उपप्रधान विकुल जैन, सचिव नवयम जैन, कोषाध्यक्ष मनन जैन, मयंक, भरत, पुनीत,दिव्यम आदि सदसय उपस्तिथ रहे। लगभग 650 लोगो को लंगर वितरण किया गया।

### गौड के तेहरवी संस्कार पर श्रद्धांजलि देने पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी पहुंची



**सोनीपत:** राष्ट्र हित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रख्यात समाज सेवक पं. धर्मवीर गौड की धर्मपत्नी कृष्णा गौड के तेहरवी संस्कार पर शोक सभा में श्रद्धांजलि देने पूर्व केबिनेट मंत्री व पूर्व सांसद श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी , समेत अरविंद शर्मा मंत्री हरियाणा सरकार , यज्ञ सम्राट हरिओम जी महाराज,पुर्व केबिनेट मंत्री कविता जैन , राजीव जैन ,पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा, डी.पी. वत्स, ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. जिले राम पिचौलिया, सफिदो से विधायक राम कुमार गौतम , बरोदा से विधायक इंदुराज नरवाल, खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा, पूर्व एच पी एस सी मेम्बर सुरेंद्र शर्मा, सोनीपत से पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, सोनीपत से वर्तमान सांसद सतपाल ब्राह्मचारी , डा. कपूर नरवाल सोनीपतभाजपा जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा ,पूर्व जिलाध्यक्ष तीरथ राणा आदि गणमान्य लोगो ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# 'जो समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उनका समाधान करें'

### समाधान शिविर में आई 65 शिकायतें, अतिरिक्त उपायुक्त ने दिए समाधान के निर्देश

**शिविर**

**▶▶ मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे**



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

**हरियाणा** सरकार के सबल प्रयास से जिलों में निरंतर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे नागरिकों के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह से संवेदनाएं रखती है। समाधान शिविर तत्परता से हो रहे समस्याओं का समाधान इसका ताजा उदाहरण है। जिला सचिवालय में शुक्रवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पाल मलिक ने कहा कि ऐसी कोई भी समस्या नहीं है जिसका समाधान न हो। जरूरत है तो समाधान के प्रति निष्ठा व लगन से कार्य करने की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे आमजन को पूर्ण विश्वास है कि उनकी जो समस्याएं है उसका समाधान निश्चित समय अवधि में जरूर होगा। इसी मंशा को लेकर जरूरतमंद शिविर मे दस्तक देते है। अधिकारियों का दायित्व बनता है कि उन्हें मायूस न करें। जो समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उनका अच्छी तरह से अध्ययन करें व उनके समाधान में कम से कम समय लगायें।

समाधान शिविर में ज्यादातर समस्याएं पुलिस विभाग से संबंधित पहुंची। पैंशन व क्रीड विभाग से जुड़ी हुई अनेकों समस्याएं आई जिनको मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया। कुछ समस्याएं पंचायत विभाग व निगम से संबंधित भी प्राप्त हुई। जिस पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अधिकारियों के सहयोग से संज्ञान लिया। समाधान शिविर में नगराधीश टीनू पोसवाल ने समस्याओं को सुनते हुए कहा कि समस्याओं का अधिकारी पूरी लगन से समाधान करते है। कई समस्याओं में थोड़ा समय जरूर लगता है लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है कि समाधान न हो। समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे शिकायतकर्ता सुरेन्द्र वासी असंध रोड़ ने प्रशासन से लाल बत्ती से असंध रोड पर पानी की पाइप लाइन बिछवाने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जल के अभाव में परेशानी का सामना करना पड़ता है।
मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सीएमसी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।
शिकायतकर्ता शिवकुमार वासी सुताना ने प्रशासन से प्रार्थना की कि गांव के मध्य एक व्यक्ति ने मकान का रैम्प जिस तरह से बनाया हुआ है उससे आवागमन प्रभावित होता है।

प्रशासन से उन्होंने समाधान की अपील की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जिला विकास पंचायत अधिकारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। प्रार्थी अरूण वासी कृष्ण नगर ने प्रशासन से प्रार्थना की कि वे दिव्यांग है। उनको सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। कार्यालय के चक्कर लगाकर थक चुका है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## अलंकरण समारोह का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

हरियाणा के पानीपत में युवक ने अपनी नाबालिग गर्लफ्रेंड के कहने पर उसके पड़ोसी की कार में आग लगा दी। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला कि पड़ोसी ने एक साल में 3 कारें खरीद ली थी। इस वजह से नाबालिग लड़की उससे ईर्ष्या रखने लगी। इसलिए उसने अपने बॉयफ्रेंड को कार में आग लगाने के लिए कहा। आग लगाने का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें 2 युवक भागते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस को पता चला है कि ये दोनों युवक रिंकू और हिमांशु सौंधापुर गांव के रहने वाले हैं। पीड़ित ने घटना के चार दिन बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, पीड़ित ने गर्लफ्रेंड के कहने पर बॉयफ्रेंड के कार में आग लगाने की बात पुलिस शिकायत में नहीं बताई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सीसीटीवी फुटेज में क्या दिख रहा..:** सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि रात के समय 2 युवक एक बाइक पर आते हैं। एक युवक के हाथ में पेट्रोल से भरी बोतल है।

बाइक को घर के पास खड़ा करने के बाद एक युवक पेट्रोल वाली बोतल लेकर कार की तरफ बढ़ता है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक कार पर पेट्रोल छिड़कता है और फिर आग लगा देता है। आग लगाते ही दोनों युवक बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो जाते हैं। कुछ ही पलों में कार जलने लगती है। सीसीटीवी से ही दोनों की पहचान भी हो गई। फुटेज में दिख रहा है कि दोनों ने वारदात से पहले आस-पास का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि कोई देख न रहा हो। पूरी वारदात कुछ ही मिनटों में अंजाम दी गई।

**9 बजे खड़ी की थी कार, करीब 3 घंटे बाद की वारदात**

पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी गई शिकायत में सांई कॉलोनी, सौंधापुर निवासी प्रॉपर्टी डीलर गुलफाम ने बताया कि 11 जनवरी की रात करीब 9 बजे उसने अपनी कार गली में खड़ी की थी। रात करीब 11:55 बजे उसे गाड़ी का शीशा टूटने की आवाज सुनाई दी।

**खिड़की से देखा तो कार जल रही थी:** गुलफाम ने बताया कि जब उसने खिड़की से बाहर झांका तो उसकी कार जल रही थी और 2 युवक वहां से भाग रहे थे। हालांकि उस समय उसे किसी पर शक नहीं था। 16 जनवरी को सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सौंधापुर के रहने वाले रिंकू को पेट्रोल की बोतल के साथ और उसके साथी हिमांशु को पहचाना गया।

## जो विचारधारा देश को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं उसके खिलाफ हम मिलकर खड़े हैं : लाली

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है और चाहे कुछ भी हो जाए हम संविधान की रक्षा करते रहेंगे।संविधान में साफ लिखा है कि हिंदुस्तान हर हिंदुस्तानी का है चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो। साथ ही यह भी लिखा है कि देश में हर हिंदुस्तानी की रक्षा होनी चाहिए लेकिन आजकल बीजेपी आरएसएस के लोग संविधान को खत्म करने में लगे हैं। उक्त बात राहुल गांधी युवा ब्रिगेड कांग्रेस के अध्यक्ष लाली शर्मा टटियाना ने पत्रकारो से बातचीत में कही। लाली शर्मा ने कहा कि यह लोग नफरत फैलाते हैं। एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाते हैं।राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक संविधान को बचाने के लिए चले थे।उनकी यह जो यात्रा निकाली यह किसी चुनाव जीतने के लिए नहीं, कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए नहीं, यह यात्रा निकाली नफरत के खिलाफ ।

## वाहन चालकों से अपील: यातायात के नियमों की सख्ती से करें पालना: एसपी

**जागरूक**

**▶▶ यातायात जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों को समय समय पर जागरूक किया जाता है**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निर्देशानुसार व उप- पुलिस अधीक्षक अम्बाला छावनी रमेश गुलिया के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू अम्बाला पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों को समय समय पर जागरूक किया जाता है। इसी कड़ी में अम्बाला पुलिस द्वारा 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। 17 जनवरी 2025 को अम्बाला पुलिस द्वारा अम्बाला के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात के नियमों बारे विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया ने बतलाया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक सेफ्टी, लेन चेंज के सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार ट्रेफिक सेफ्टी स्पैशल जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि सभी वाहन चालक/ट्रक ड्राइवर यातायात के नियमो का पालन करते हुए अपने व दूसरों जीवन को सुरक्षित रखते हुए अपने वाहनो को निंधारित लेन में ही चलाए। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों की पालना सख्ती से करवाने के लिए अब यातायात के नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त ठोस कदम उठाकर नये कानून बीएनएस की धाराओं के तहत मामले दर्ज किये जा रहे है, जिससे नियमों की पालना सख्ती से हो सके। उन्होंने कहा कि आमजन के जीवन को सडक पर सुरक्षा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे है। नियमों की पालना को लेकर सख्त रूख अपनाया जा रहा है। बीते 16 दिनों में अम्बाला पुलिस द्वारा लेन ड्राईविंग नियमों की उल्लघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगभग 47 मामले दर्ज किए गए है।

## पूरे एक वर्ष हम संविधान का अमृत महोत्सव मना रहे होंगे

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**शपथ**

**▶▶ विशेष गर्व और गौरव का दिन है, 26 नवम्बर, 1949 के दिन देश की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था**

**कुरुक्षेत्र :** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि सरकार संविधान की मूल भावना के अनुरूप अपनी प्रगतिशील सामाजिक और आर्थिक नीतियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रजातांत्रिक सिद्धांतों को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। इस वर्ष हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम को जहन में रखकर नियमित रूप से कार्यक्रमों का आयोजन होगा। एडीसी सोनू भट्ट शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले एडीसी सोनू भट्ट ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान प्रस्तावतना वाचन करवाया। उन्होंने कहा कि आज हम सबके लिए विशेष गर्व और गौरव का दिन है, 26 नवम्बर, 1949 के दिन देश की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। यही वह दिन है जब संविधान बनकर तैयार हुआ था। संविधान दिवस का मतलब देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। आधुनिक भारत का सपना देखने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सहित संविधान बनाने वाले सभी महानुभावों को नमन करते हुए कहा कि आज से अगले पूरे एक वर्ष हम संविधान का अमृत महोत्सव मना रहे होंगे।

## साईबर अपराधों को लेकर पुलिस गम्भीर, खुद का जागरूक होना ज्यादा कारगर:एसपी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** साईबर अपराधों को लेकर कुरुक्षेत्र पुलिस गम्भीर है। पुलिस एफआईआर दर्ज करने, अपराधियों तक पहुंचने, ठगी गई राशि को होल्ड करवाकर पीड़ित को रिफंड करवाने तक की सभी कारवाई करती है। पुलिस इस कार्य में सफलता भी हासिल कर रही है लेकिन साईबर अपराधों में खुद का जागरूक होना ज्यादा कारगर साबित होता है। यह बात पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने आमजन को साईबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए कही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तकनीक के दौर में साईबर अपराध बड़ी चुनौती है लेकिन इनसे बचने का सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। यदि हम सतर्क और सावधान रहेगें तो साईबर ठगी से बचा जा सकता है। तकनीक के इस दौर में हर व्यक्ति इन्टरनेट से जुडा हुआ है इसी का फायदा उठाकर साईबर ठग आमजन को साईबर ठगी का शिकार बनाते हैं। हरियाणा पुलिस ने इस समस्या से निपटने के लिये साईबर तंत्र को मजबूत करने के साथ साथ व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है। साईबर अपराधियों द्वारा अपनाएं जाने वाले तरीकों का बारिकी से अध्ययन करते हुए साईबर अपराधों को रोकने के लिये रणनीति तैयार की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस महानिदेशक श्री श्त्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के चंगुल से बचाने के लिए साईबर हैल्पलाईन नम्बर 1930 को प्रभावी ढंग से लागू किया है।

## मुलाना क्षेत्र से दो अवैध चाकू सहित तीन आरोपी काबू

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध हथियार/कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना मुलाना क्षेत्र फ्लाई ओवर बस अड्डा मुलाना के पास से अवैध चाकू रखने के मामले में 16 जनवरी 2025 को प्रबन्धक थाना मुलाना उपनिरीक्षक बलकार सिहँ के नेतृत्व में पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक, विशाल व अभिमन्यु निवासी मेघा माजरा थाना झांसा जिला कुरूक्षेत्र को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर थाना मुलाना में मामला दर्ज करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## प्राकृतिक खेती स्कीम को लेकर हुआ बैठक का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**प्रशिक्षण**

**▶▶ कर्मचारियों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण संस्थान में दिलवाया जाए**

**कुरुक्षेत्र :** उप कृषि निदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल के दिशा मीटिंग में दिए गए आदेशानुसार पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं जिला के गौशाला संचालकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती स्कीम के बारे विस्तार से जानकारी दी और बताया कि किसान प्राकृतिक खेती पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते है। किसान को विभाग की ओर से घनजीवा अमृत, जीवा अमृत, दशप्रणी, अग्निअस्त, बह्मअस्त इत्यादि बनाने के लिए ड्रम अनुदान पर दिए जाते है। उन्होंने कहा कि एक किसान को अधिकतम चार ड्रम रुपये 3 हजार अनुदान राशि दिया जा सकता है। दो एकड़ या इससे अधिक प्राकृतिक खेती करने वाले किसान को देसी गाय खरीदने हेतू विभाग की ओर से अधिकतम रुपये 30 हजार की राशि अनुदान पर दी जा रही है। प्राकृतिक खेती करने वाले पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण संस्थान, कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को प्राकृतिक खेती के बारे में गहनता से बताया जाता है तथा फील्ड भ्रमण करवाकर प्रदर्शन प्लाटों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है।
उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को सफल बनाने के लिए देसी गाय का गोबर व गोमूत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने गौशाला संचालकों से अपील की कि गौशाला के कर्मचारियों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण संस्थान में दिलवाया जाए और देसी गाय के गोबर व गोमूत्र से घनजीवा अमृत व जीव अमृत बनाकर इनका व्यावसायिक रूप से प्रयोग किया जाए।

## एस.डी. पी.जी. कॉलेज में संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित

पानीपत , ( कमाल हुसैन )



**प्रस्तावना**

**▶▶ प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, एन.एस.एस. प्रोग्राम अधिकारी डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी, प्राध्यापकों, स्वयंसेवक मौजूद रहे**

**एस.डी. पी.जी.** कॉलेज पानीपत के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" थीम पर प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, एन.एस.एस. प्रोग्राम अधिकारी डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी, प्राध्यापकों, स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया । कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के महत्व को उजागर करना और छात्रों के बीच राष्ट्रीयता एवं संविधान के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था । कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई जिसमें कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने संविधान की प्रस्तावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान न केवल हमारा मार्गदर्शक है बल्कि यह हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का भी प्रतीक है । प्राचार्य ने एनएसएस प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सदस्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया । अंत में सभी को सत्यनिष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई गयी । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ । डॉ अनुपम अरोड़ा ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा और इसे विस्तृत रूप से समझाया । ह्लहम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्त्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये तथा इसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता तथा अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज दिनांक 26 नवंबर, 1949 ई. को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं ।

उपस्थित स्टाफ सदस्यन और छात्रों ने प्रस्तावना के शब्दों को पूरे सम्मान और गर्व के साथ पढ़ा । इस वाचन ने संविधान के महत्व और उसके आदर्शों को गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया । उन्होनें कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है । इसकी प्रस्तावना हमें यह सिखाती है कि हम सभी समान हैं और देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## कार्यालय में हुआ हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान प्रस्तावना वाचन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने देश के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में वर्ष भर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह के शुरूआत की घोषणा की है। उन्होंने शुक्रवार को जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय में सभी अधिकारी और कर्मचारियों को हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान प्रस्तावना का वाचन किया गया। डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की उल्लेखनीय यात्रा और हमारे संस्थापक सिद्धांत तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थाई विरासत को दशार्ता है, जो संविधान दिवस 26 नवंबर 2024 से शुरू हो चुका है। यह समारोह हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत आयोजित किए जा रहे है। इनका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निमार्ताओं का सम्मान करना है। प्रदेश सरकार की तरफ से 17 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन पूरे जिले में किया गया है। इस मौके पर अधीक्षक हाकम सिंह, लेखाकार पंकज, आईसीए मीना कुमारी, लिपिक दीप्ति चौधरी, विक्रम सैनी, बलबीर, डीआई विजय कुमार, बीपीडब्लयू ईश्वर सिंह, अंकुर राणा, प्रदीप कुमार, राजकुमार शर्मा, पार्थ शर्मा, अमित कुमार, साक्षी, शीश राम सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# होटलों में प्लास्टिक का प्रयोग करने पर लगाया जाएगा नियमानुसार जुर्माना: पंकज सेतिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला नगर** आयुक्त पंकज सेतिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में होटल व रेस्तरां संचालकों का भी अहम योगदान रहेगा। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए होटल व रेस्तरां मालिकों को गीले व सूखे कचरे का नियमानुसार निस्तारण करना होगा। इसके लिए बकायदा प्रशासन के समक्ष प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। डीएमसी पंकज सेतिया शुक्रवार को डीएमसी कार्यालय में नगर परिषद के अधिकारियों के



साथ-साथ होटल व रेस्तरां संचालकों की एक संयुक्त बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले डीएमसी पंकज सेतिया ने होटल संचालकों के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों के चीफ वार्डन से शहर की स्वच्छता बारे फीडबैक ली और होटलों और होस्टल से गीले और सूखे कचरें के बारे मे विस्तार से जानकारी ली है। डीएमसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार और उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। लेकिन इसमें होटल संचालकों तथा शिक्षण संस्थानों के सहयोग की निहायत जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों को नियमानुसार गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग प्रबंधन करना है और प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना होगा। अगर चैकिंग के दौरान प्लास्टिक का प्रयोग करते हुए पाए गए तो नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग करने पर सरकार द्वारा निर्धारित जुमार्ना भी लगाया जाएगा। डीएमसी ने कहा कि होटल संचालकों को गीले और सूखे कचरे का निस्तारण करने बाबत प्रमाण पत्र भी देना होगा। इस मौके पर विजय बजाज, राजेन्द्र कुमार, मार्किट कमेटी सचिव हरजीत सिंह, रमेश सचदेवा, सफाई निरीक्षक राजबीर,पिपली पैराकीट रवि सिंह, गुरुकुल के चीफ वार्डन संजीव आर्य, नीलकंठी से विरेन्द्र सिंह, नगर परिषद सचिव अशोक डांगी, कानूनी सहायक केएल बठला, ईआईसी विशेषज्ञ सीमा, प्रियंक बजाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संतुलित पर्यावरण पर हमारा भविष्य आधारित: डॉ. वीरेन्द्र पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि संतुलित पर्यावरण पर हमारा भविष्य आधारित है। वेदों, पुराणों एवं उपनिषदों में प्रकृति को परमात्मा का स्वरूप बताया गया है इसलिए हमें संतुलित पर्यावरण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। यह विचार उन्होंने इंस्ट्टियूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड आनर्स स्टडीज के प्रांगण में पौधारोपण करने के उपरांत व्यक्त किए। इस अवसर आईआईएचएस के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा एनसीसी प्रभारी प्रभारी रितु सैनी के नेतृत्व के कुवि कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल व उनकी धर्मपत्नी हेतु




सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि हमारे सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण का संरक्षण बहुत जरूरी है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण को महत्व देते हुए एक विद्यार्थी एक वृक्ष को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। उन्होंने आह्वान कि हम सभी को स्वस्थ पर्यावरण के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर कुवि आईआईएचएस प्रधानाचार्य, अध्यापकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों द्वारा उन्हें पौधा भेंट किया व उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का कुलसचिव बनने पर बधाई दी।

## न्यूज फ्लैश

### विधायक ने अधिकारियों को चेताया,लोगों की शिकायतों को गंभीरता से ले, समाधान कराने में कोई ना बरतें कोताही

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) समालखा** विधायक मनमोहन भडाना ने वीरवार को छाजपुर खुर्द व छाजपुर कलां गांव में धन्यवादी दौरे के दौरान लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकांश का मौके पर ही अधिकारियों को समाधान कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान लोगों से चर्चा करते हुए विधायक मनमोहन भडाना ने कहा कि प्रदेश की जनता ने पूरा विश्वास जताते हुए हरियाणा में भाजपा सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिन रात आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रदेश के सभी मंत्री तथा विधायक भी हमेशा आमजन के बीच रहकर उनके दुख सुख को साझा कर रहे हैं तथा लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका निदान करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा के भाव के साथ निरंतर कार्य में जुटी है। मुख्यमंत्री ने सभी उपमंडल व जिला मुख्यालय पर प्रत्येक कार्यदिवस पर तमाम अधिकारियों को समाधान शिविर लगाकर लोगों की शिकायतें सुनने के आदेश जारी किए हुए है।

### टेंट हाउस में हुई चोरी, कीमती सामान रिक्शा में लेकर फरार हुए आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में जुंडला** गेट पर स्थित कर्ण टेंट हाउस को चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोरों ने टेंट हाउस से कैटरिंग का सामान चोरी किया है। चोर एक रिक्शा लेकर आए थे और उसी में सामान लोड करके ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पीड़ित दुकानदार ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। दुकानदार धीरज ने बताया कि चोरी की घटना आज सुबह करीब 4 बजे हुई है। चोरों ने किसी लोहे की चीज का इस्तेमाल कर दुकान के ताले तोड़े और उसके बाद दुकान का शटर उठाकर दुकान के अंदर घुस गए। रिक्शा में जितना समान आ सकता था, उतना सामान चोरों ने रिक्शा में भरा और मौके से चले गए। दुकानदार ने बताया कि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। चोरों ने दुकान के आगे बैठकर ही चोरी की प्लानिंग की थी और ताले तोड? के बाद रिक्शा लेकर आए और उसमें सामान लोड कर लिया। एल्युमिनियम की 30 पराते, 10 टब, 40 ढक्कन अन्य सामान उठाया गया है, जिससे करीब 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। दुकानदार ने बताया कि चोरी की घटनाओं से दुकानदार और व्यापारी बहुत ज्यादा परेशान हो चुके हैं। करीब डेढ़ महीने के दौरान 4 से 5 चोरी की घटना हो चुकी है। चोरों को कानून का कोई भी डर नहीं है। करनाल सिटी थाने में मामले की शिकायत की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जिंदा मरीज को बताया मृत, घर ले जाने पर चली सांसें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में परिवार** के इकलौते बेटे की करंट लगने से मौत हो गई। युवक खेतों की तरफ घूमने गया था, तभी उसके साथ यह हादसा हो गया। उसे गंभीर हालत में कुंजपुरा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन युवक को घर ले आए, लेकिन उन्हें लगा कि युवक की सांसें चल रही हैं तो वे तुरंत उसे कुंजपुरा के अस्पताल ले गए। चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर मामले की सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के जीजा सोनू ने बताया कि 26 वर्षीय मोहित कुंजपुरा गांव का रहने वाला था। वह फैक्ट्री में काम करता था। गुरुवार को वह काम पर नहीं गया था। कल शाम को मेरे बड़े जीजा का फोन आया था। जीजा ने बताया कि गुरुवार शाम मोहित खेतों की तरफ घूमने गया था। जहां तालाब के पास लोहे के खंभों के नीचे बिजली की तारें लटकी हुईं थी। वह उनमें फंस गया।

# 17 से चलाया जाएगा सडक सुरक्षा जागरूकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : युवा कार्यक्रम एवं** खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मेरा युवा भारत नेहरू युवा केंद्र द्वारा सडक सुरक्षा और जागरूकता सप्ताह 17 से 23 जनवरी तक मनाया जाना है। वात्सल्य वाटिका के संचालक स्वामी हरिओम दास परिवाचक व कृष्ण पांचाल (चेयरमैन बाल विकास परिषद) ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर कार्यक्रम की शुरूआत की तथा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए हुए युवाओं को ट्रैफिक पुलिस कार्डिनेटर एएसआई विरेन्द्र, विक्रम ने सडक सुरक्षा के बारे मे जागरूक करते हुए युवाओं को कहा कि सडक सुरक्षा नियमों को



मानने का अमूल्य महत्व है क्योंकि यह सीधा हमारे जीवन की सुरक्षा को सुनिश्चित करती है। हमें हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए, सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए, और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना चाहिए। पैदल चलते समय जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करें और कभी भी दौडकर सडक पार नही करनी चहिए। तेज गति से वाहन चलाने से बचें और शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा का मतलब है सडक सुरक्षा नियमों का पालन करके सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। सडक सुरक्षा में महत्वपूर्ण है सर्तक ड्राइविंग ताकि पैदल यात्री और चालक सुरक्षित रहें। सडक सुरक्षा जागरूकता सप्ताह 17 से 23 जनवरी 2025 तक चलाया जाएगा। जिसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जन मानस को जागरूक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंत में नेहरु युवा केन्द जिला युवा अधिकारी मिशा व लेखा एवं कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी ने आए हुए सभी अतिथिगण व युवाओं का आभार प्रकट किया।

इस मौके पर ट्रैफिक विभाग सुनील कुमार, संदीप कुमार, मनीष कुमार, नेहरु युवा केन्द्र एमटीएस रवित, राहुल, राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवक अमनप्रीत, अमनदीप, हिमांशी, कर्ण गाबा, एकता, निहारिका, पूनम, रितिका, रजनी, विजेता सैनी, सुनीता रानी व अन्य युवा मौजूद रहे।

# 8 मार्च को होगी साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत

**पानीपत ,( कमाल हुसैन ) राष्ट्रीय विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में पानीपत व उपमंडल समालखा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार 08 मार्च को किया जाएगा। इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा ने आह्वान किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए और इसमें अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करवाने के लिए सभी को बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों इत्यादि के उच्च अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया जिसमें आम जनता को अधिकतम छूट एवं वाहन बिजली विभाग, सिंचाई विभाग व पंचायती राज, जिससे आम जनता को लोन रिकवरी केस में अधिकतम छूट वाहन दुर्घटना मुआवजा में अधिकतम मुआवजा आपसी सहमति के आधार पर दिया जा सके।

# 25 जनवरी से सम्पूर्ण भारतवर्ष में निकाली जाएगी महासंगम यात्रा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक** परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ नवीन नैन भालसी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि आने वाली 25 जनवरी से सम्पूर्ण भारतवर्ष में महासंगम यात्रा का किया जाएगा शुभारंभ। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के द्वारा आने वाली 25 जनवरी से 108 तिरसूलों की पूजापाठ करके 12 ज्योतिलिंगों पर व 4 धाम पर ले जाकर सत्यापन व पूजापाठ करके महासंगम यात्रा पूरे भारत में निकाली जाएगी। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि यह महासंगम यात्रा महाकुंभ प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) से शुभारंभ



की जाएगी।

इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा महासंगम यात्रा का मुख्य उद्देश्य संसार में फैली कुरीतियों व अज्ञानता को दूर करके धार्मिक भक्ति भावना से जोड़ना व आने वाली पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति से अवगत कराना है।

# महिला सरपंचों को ब्रांड एंबेसडर बनाना मुख्यमंत्री का निर्णय बेहद सराहनीय: कंवलजीत कौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: बेटी बचाओ**, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला सरपंचों को ब्रांड एंबेसडर बनाना मुख्यमंत्री का निर्णय बेहद सराहनीय है। जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि जब से हरियाणा प्रदेश की कमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संभाली है तब से हरियाणा प्रदेश में विकास तीव्र गति से हो रहा है। माननीय मख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जो भी घोषणा करते हैं उसे तुरंत अमली जामा पहनाने का काम भी करते हैं। उनके द्वारा की गई कोई भी घोषणा



पेंडिंग नहीं है। कुछ घोषणाओं को तुरंत प्रभाव से पूरा कर दिया गया है और कुछ पर तेज गति से कार्य चल रहा है। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली से बेहद प्रसन्न है। जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि सभी वर्गों का बराबर विकास हो रहा है। बिना खर्ची बिना पर पर्ची नौकरियां मिल रही हैं।भय और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा रहा है।

चैयरमेन नेकहा कि बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला सरपंचों को ब्रांड एंबेसडर बनाना माननीय मुख्यमंत्री का बहुत ही सराहनीय निर्णय है।

उन्होंने कहा कि महिला सरपंचों को ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा के बाद महिला सरपंच बेहद खुश हैं। आज के समय में सरकार के द्वारा महिलाओं को पुरुषों के बराबर की ताकत प्रदान कर रखी है।

# शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्यतिथि होंगे

**पानीपत, (कमाल हुसैन) जिला आयुर्वेदिक** अधिकारी डॉक्टर संजय राजपाल ने बताया कि जिले सभी राजकीय व प्राईवेट स्कूलों में 18 जनवरी को हरियाणा योग आयोग व शिक्षा विभाग के सयुक्त सहयोग से राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान का संचालन आर्य कन्या पब्लिक स्कूल पानीपत से सुबह 9 बजे से किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्यतिथि होंगे तथा विशिष्ट अतिथि एससीईआरटी गुरूग्राम के सयुक्त निदेशक सुनील बजाज होगे व कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा योग आयोग के चैयरमैन डाक्टर जयदीप आर्य करेंगे।

# शांति दिवस के रूप में मनाई जाएगी ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य तिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: नारी शक्ति के** विश्व का सबसे बड़ा और विशाल संगठन की नींव रखने वाले ब्रह्माकुमारीज संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य तिथि 18 जनवरी को विश्वभर में विश्व शांति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। यह जानकारी ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र की प्रभारी राजयोगिनी सरोज बहन ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय शांतिवन में देश-विदेश से हजारों लोग पहुंचेंगे, जिनके रहने, खाने और ठहराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। सरोज बहन ने बताया कि ब्रह्मा बाबा ने



नारी को शक्ति बनाने का ऐसा संकल्प लिया कि अपनी सारी जमीन-जायदाद बेच कर ट्रस्ट बनाया और इसके संचालन की जिम्मेदारी नारी शक्ति को सौंपी और खुद पीछे हो गए। उन्होंने बताया कि बाबा की याद में एक जनवरी से सभी परिसरों में विशेष योग-तपस्या जारी है। उन्होंने बताया कि 18 जनवरी 1969 को 93 वर्ष की आयु में ब्रह्माकुमारीज के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा (दादा लेखराज कृपलानी) संपूर्णता की स्थिति प्राप्त कर अव्यक्त हो गए थे। उनके अव्यक्त होने के बाद संस्थान की बागडोर पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि ने संभाली। बाबा की त्याग-तपस्या का परिणाम है कि खुद पीछे रह कर नारी शक्ति को आगे बढ़ाया और आज पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति अध्यात्म का परचम फहर रहा है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा बाबा के अनुसार नारी नर्क का द्वार नहीं, सिर का ताज है। नारी अबला नहीं, सबला है। वह तो शक्ति स्वरूपा है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा बाबा ने माताओं-बहनों को जिम्मेदारी सौंप कर खुद कभी पैसों को हाथ नहीं लगाया। यहां तक कि उनमें इतना निर्माण भाव था कि खुद के लिए भी कभी पैसे की जरूरत पड़ती, तो बहनों से मांगते थे। बाबा कहते थे कि नारी ही एक दिन दुनिया के उद्धार और सृष्टि परिवर्तन के कार्य में अग्रणी भूमिका निभाएगी। ब्रह्माकुमारी संस्थान नारी शक्ति द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा और एकमात्र संगठन है। यहां मुख्य प्रशासिका से लेकर प्रमुख पदों पर महिलाएं ही हैं। नारी सशक्तिकरण का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है कि यहां के भोजनालय में भाई भोजन बनाते हैं और बहनें बैठ कर भोजन करती हैं।

# इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में कृतिका ने जीता प्रथम स्थान



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

स्थानीय आई बी महाविद्यालय की छात्रा कृतिका ने महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सीमा के निर्देशन में भिवानी के के. एम. कॉलेज में संपन्न हुई इंटर कॉलेज प्रतियोगिता के अंतर्गत कोलाज मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र को प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग व डॉ. शशि प्रभा ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। उपस्थित प्राध्यापक डॉ. सीमा, डॉ. निधान सिंह, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. नीतू मनोचा एवं अंशिका ने छात्रा को अपना आशीर्वाद एवं बधाई दी

# सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों में कुरुक्षेत्र से 47 हजार 170 मतदाता करेंगे मत का प्रयोग: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा** सिंह ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मतदान 19 जनवरी को होंगे। इन चुनावों में कुरुक्षेत्र जिले के 5 वार्डों से कुल 47 हजार 170 मतदाता अपने मत के अधिकार का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं में 22 हजार 300 पुरुष और 24 हजार 870 महिला मतदाता शामिल है। उन्होंने कहा कि वार्ड 12 मुतजार्पुर में बूथ नंबर 1 से 10 पर 8855 मतदाता जिनमें



4311 पुरुष, 4544 महिलाएं शामिल है, अपने मत का प्रयोग करेंगी। इसी तरह वार्ड 11 पिहोवा में 1 से 8 बूथ पर 7584 मतदाता वोट डालेंगे इनमें 3378 पुरुष और 4206 महिला मतदाता शामिल है। वार्ड नंबर 14 लाडवा में 10505 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे इनमें 4918 पुरुष और 5587 महिला मतदाता शामिल है। उन्होंने कहा कि वार्ड 13 शाहबाद में 10571 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे इनमें 5095 पुरुष और 5476 महिला मतदाता शामिल है। इसी तरह वार्ड 15 थानेसर व धुराला में 9655 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे इनमें 4598 पुरुष और 5057 महिला मतदाता शामिल है।

# सभी सरकारी कार्यालयों में हुआ सामूहिक संविधान प्रस्तावना कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**जिला सचिवालय के** द्वितीय तल पर स्थित सभागार में शुक्रवार को सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंन्द्र पाल मलिक ने सभी विभागों के अधिकारियों के समक्ष संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपने स्थान पर खड़े होकर संविधान की प्रस्तावना को हाथ में लेकर उसका वाचन किया।

विदित रहे की 26 नवम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया। जो 26 जनवरी 1950 से प्रभावी है। इस सविंधान में भारतीय इतिहास में एक नये युग की शुरूआत की। इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस दिन दुनिया के सबसे लंबे संविधान को अपनाया गया था। जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशीला है।

सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम शुक्रवार को जिला के सभी कार्यालयों में आयोजित किया गया, जहां पर अधिकारियों ने अपने स्टाफ के साथ संविधान प्रस्तावना का वाचन किया। इस मौके पर प्रशासन की तरफ से सभी विभाग के अधिकारियों को संविधान प्रस्तावना प्रति भी वितरीत की।

# भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**गीता कॉलोनी में अखिल** भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिला सचिव राजपाल गाहल्याण ने बताया कि बिजली निजीकरण के खिलाफ पानीपत में एससी कार्यालय पर 24 जनवरी को प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर किसान आंदोलन के समय किए गए वादों को पूरा करने की मांग को लेकर शहर में ट्रैक्टर व बाइक परेड कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्य मांग फसल खरीद गारंटी



कानून लागू करने की है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान खतरे में है।

किसान सभा ने दुष्कर्म केस में आरोपी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर राजपाल, दिलावर सिंह राठी, प्रीतम रावल, सीताराम शर्मा, राजवीर गिरि, राममेहर, मांगेराम, हरिराम, रामकिशन कुंडू, रमेश, एसए खान, जयभगवान मौजूद रहे।

# बुराड़ी में शैलेंद्र की नामांकन यात्रा में उमड़ा जनसैलाब






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए राजनीतिक पार्टियां जमकर प्रचार कर रही हैं।
इसी के साथ ही दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के नामांकन के आखरी दिन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से जदयू और भाजपा के गठबंधन उम्मीदवार शैलेंद्र कुमार नामांकन यात्रा पर निकले, उनकी नामांकन रैली में जदयू के कई बड़े नेता भी मौजूद रहे। इस दौरान ढोल नगाड़े के साथ निकली नामांकन यात्रा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे, जो नाचते और झूमते नजर आ रहे थे। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है, दिल्ली के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे हैं। बता दें कि इस सीट पर शैलेंद्र कुमार का मुकाबला आम आदमी पार्टी के सिटिंग विधायक संजीव झा और कांग्रेस के मजबूत प्रत्याशी मंगेश त्यागी से होगा। इस दौरान जदयू से दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को अंधेरे में रखकर अपने स्वार्थ की राजनैतिक रोटियां गरीब के चुल्हे में सेकी है, और क्षेत्रीय विधायक संजीव झा पूरे दस साल कुंभकर्णी निंद्रा में सोते रहे हैं और अब विधानसभा चुनाव को चंद ही दिन शेष बचे है तो फिर से जनता के बीच अपनी जगह बनाने के लिए झूठे सपने बेचने निकले है शैलेंद्र ने कहा कि दिल्ली की जनता केजरीवाल और बुराड़ी क्षेत्र की जनता क्षेत्रीय विधायक संजीव झा को कभी माफ नही करने वाली है, शैलेंद्र ने कहा कि इस बार संजीव झा की जमानत भी जब्त होने वाली है और हम सभी लोग मिलकर विधायक संजीव झा को ढोल नगाड़ों की थाप से विधायक की कुर्सी से बिदा करेंगे। बता दें कि दिल्ली में कुल 70 विधानसभा क्षेत्र हैं, निर्वाचन आयोग ने घोषणा की है कि 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव 2025 की वोटिंग होगी, और 8 फरवरी को काउंटिंग होगी।

# डिजिटल भुगतान क्रांति में सबसे आगे यूपीआई, दिसंबर में 16.73 बिलियन लेनदेन का रिकॉर्ड हिट

**नई दिल्ली।** हाल के वर्षों में भारत ने डिजिटल लेन-देन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है, जो कैशलेस समाज बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति में सबसे आगे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) है, जिसने दिसंबर 2024 में 16.73 बिलियन लेन-देन का रिकॉर्ड हिट बनाया है। इसके अलावा तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) और एनईटीसी फास्टैग वित्तीय लेन-देन को तेज, अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाने वाले प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। वित्त मंत्रालय




के अनुसार नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के हालिया डेटा के अनुसार यूपीआई ने 16.73 बिलियन से अधिक लेन-देन संसाधित करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें 23.25 लाख करोड़ रुपये का चौंका देने वाला लेनदेन मूल्य है। यह नवंबर में 21.55 लाख करोड़ रुपये से उल्लेखनीय उछाल है। 2024 में यूपीआई ने लगभग 172 बिलियन लेन-देन संसाधित किए, जो 2023 में 117.64 बिलियन से 46 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि वित्तीय समावेशन की ओर एक व्यापक सांस्कृतिक बदलाव को रेखांकित करती है, जिसमें यूपीआई एक केंद्रीय स्तंभ है। यूपीआई ने मोबाइल लेन-देन के क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा है। आईएमपीएस लंबे समय से खातों के बीच तत्काल भुगतान के लिए एक विश्वसनीय सेवा रही है। 2010 में लॉन्च की गई तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) एक वास्तविक समय, 24x7 इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर सेवा है।

# पार्षद रविन्द्र और पार्षद नरेंद्र भाजपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी के बापरौला के निगम पार्षद रवींद्र सोलंकी और मंगलापुरी से निगम पार्षद नरेंद्र गिरसा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सांसदकमलजीत सहरावत एवं योगेन्द्र चांदोलिया, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और अन्य दलों से पार्टी में प्रवेश समिति सदस्य नितिन त्यागी भी उपस्थित थे। वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी का पटका पहनाकर दोनों निगम पार्षदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और दोनों का स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली में आज आम आदमी




पार्टी की सरकार ने पिछले 10 सालों में सिर्फ भ्रष्टाचार की सरकार चल रही है। दिल्ली सरकार की हर योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है। सचदेवा ने कहा कि चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे वैसे जो लोग दिल्ली की सेवा कर उसे बेहतर बनाना चाहते हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के साथ जुड़ना चाहते हैं वह भाजपा के साथ दिखाई दे रहे हैं।
उन्होंने कहा कि नरेन्द्र गिरसा एवं रविंद्र सोलंकी दो ऐसे नाम है जिन्होंने अपने-अपने वार्ड ही नहीं लोकसभा क्षेत्र में अपने काम और जनसेवा से नाम कमाया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 5 फरवरी को जब वोट होगा तो दिल्ली में आप-दा का सफाया होगा, दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी और दिल्ली में लगातार विकास कार्य की गति दो गुणी रफ्तार से आगे बढ़ेगी। कमलजीत सहरावत ने कहा कि पिछले दो सालों से आम आदमी पार्टी के पास नगर निगम सत्ता है पर पार्षदों को सिर्फ 15 लाख रुपये विकास कार्य के नाम पर दिया जा रहा है। इसलिए दिल्ली की जनता ने जिस विश्वास के साथ आम आदमी पार्टी को वोट दिया है, आज उस विश्वास को तोड़ने का काम अरविंद केजरीवाल ने किया है।

# दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर रोक लगाएं उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सरकारें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने पटाखों पर रोक के मामले पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगी रोक को अगले आदेश तक बढ़ा दी है। मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी। कोर्ट ने कहा कि समस्या जितनी बड़ी होगी, उससे निपटने के लिए कदम भी उतने ही गंभीर उठाने होंगे। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार से कहा कि वे दिल्ली-एनसीआर में आने वाले इलाकों में पटाखों पर रोक लगाएं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर गौर



किया कि दिल्ली की तरह राजस्थान सरकार ने भी पटाखों पर रोक लगा रखी है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने एनसीआर के राज्यों यूपी और हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि वो दिल्ली की तरह ही पूरे साल पटाखों के स्टॉक और बिक्री पर रोक लगाएं।कोर्ट ने एनसीआर के राज्यों को निर्देश दिया कि वे ग्रैप के अनुपालन की मानिटरिंग करने के लिए अधिकारियों की टीमों का गठन करें। मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी। इससे पहले 19 दिसंबर, 2024 को सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील शादान फरासत ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उसने दिल्ली में पूरे साल पटाखों के स्टॉक और बिक्री पर रोक लगा दी है।
तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसका असर तभी पड़ेगा, जब एनसीआर के दूसरे शहरों में भी ऐसी ही रोक हो।

# भारत सेमीकंडक्टर ने वित्तीय सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: एक मजबूत** सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण प्रगति को चिह्नित करते हुए भारत सेमीकंडक्टर मिशन, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड और सीजी सेमी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को एक वित्तीय सहायता समझौते (एफएसए) पर हस्ताक्षर किए गए। यह सीजी की ओएसएटी सुविधा के माध्यम से अपने सेमीकंडक्टर विनिर्माण को मजबूत करने के भारत के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसे सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए संशोधित



कार्यक्रम के तहत अनुमोदित किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड गुजरात के साणंद में अपनी सेमीकंडक्टर ओएसएटी इकाई स्थापित कर रही है। यह रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स अमेरिका इंक. और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स (थाईलैंड) पब्लिक कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी में है। इसमें कुल निवेश लगभग 7,600 करोड़ रुपये (परियोजना) है। इस परियोजना को भारत सेमीकंडक्टर मिशन से पात्र पूंजीगत व्यय के लिए समतुल्य आधार पर 50 प्रतिशत राजकोषीय सहायता का लाभ मिलेगा, जो वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सचिव एस कृष्णन ने रेखांकित किया कि भारत सरकार एफएसए पर हस्ताक्षर के साथ परियोजना के कार्यान्वयन के हर चरण में समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने घरेलू बौद्धिक संपदा और बाजार विकास के महत्व पर जोर देते हुए क्षेत्र की बारीकियों को गहराई से समझने और उनकी तेज प्रगति के लिए सीजी पावर की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सीजी पावर भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक्स मूल्य श्रृंखला में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाएगा और 2030 तक इलेक्ट्रॉनिक्स में 500 बिलियन डॉलर के उत्पादन लक्ष्य तक पहुंचने के भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा। सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड के अध्यक्ष वेल्लयन सुब्बैया ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एफएसए पर हस्ताक्षर भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो विनिर्माण और डिजाइन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जबकि वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन कार्यबल में भारतीय लगभग 20 प्रतिशत हैं, भारत के लिए घरेलू ब्रांडों और बौद्धिक संपदा को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है।

# केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से जमानत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 17 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली हाई** कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दिया है। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से सुनवाई टालने की मांग का केजरीवाल की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि ईडी की ओर से जमानत का विरोध चुनाव प्रोपेगैंडा है। मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। आज सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से कहा गया कि इस मामले पर दलील रखने के लिए एएसजी




एसवी राजू उपलब्ध नहीं हैं। इस पर केजरीवाल की ओर से पेश वकील विक्रम चौधरी ने विरोध करते हुए कहा कि ईडी को ये याचिका वापस लेनी चाहिए ट्रायल कोर्ट के जमानत के आदेश पर हाई कोर्ट के रोक के आदेश को वापस लेना चाहिए। ईडी इस मामले को इसलिए लंबित रखना चाहती है क्योंकि दिल्ली में चुनाव है। चौधरी ने कहा कि ये सातवीं बार है जब ईडी ने सुनवाई टालने की मांग की है।

# सरकार की खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर है नजर : खाद्य मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्र सरकार** उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों पर कड़ी निगरानी रख रही है, ताकि उपभोक्ताओं को उनकी सामर्थ्य के अनुसार खाद्य वस्तुएं उपलब्ध हो सकें तथा मूल्य व्यवस्था स्थिर बनी रहे। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि उपभोक्ताओं और किसानों के हित में मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार समय रहते और पहले से ही निर्णय ले रही है। आवश्यक खाद्य वस्तुओं की समग्र उपलब्धता और सामर्थ्य सुनिश्चित करने के लिए घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने, आयात और निर्यात नीतियों जैसे उपाय किए जा रहे हैं। मंत्रालय के मुताबिक सरकार उपभोक्ताओं और किसानों के हित में मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए समय पर निर्णय ले रही है। अच्छी मानसूनी बारिश और अनुकूल मौसम के कारण फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में दालों और प्याज का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ने का अनुमान है। वहीं, 2024-25 में तुअर उत्पादन 35.02 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले फसल वर्ष के 34.17 लाख टन उत्पादन से 2.5 फीसदी अधिक है।

# दुर्गेश पाठक ने राजेंद्र नगर विधानसभा में निकाली जन आशीर्वाद यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आम आदमी** पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजेंद्र नगर विधानसभा से प्रत्याशी दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। इस दौरान दुर्गेश पाठक ने अपनी विधानसभा क्षेत्र में किए कार्यों को जनता के बीच रखा। उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। उन्होंने कहा कि सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही ऐसे नेता हैं, वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान दुर्गेश पाठक ने कहा कि आज चारों तरफ सड़कों पर लोगों की भीड़ है। लोग यही कह रहे हैं कि अरविंद



केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है और राजेंद्र नगर से आम आदमी पार्टी का विधायक चुनना है। जहां तक भाजपा के मेनिफेस्टो की बात है, तो इस तरह के मेनिफेस्टो वे हर चुनाव में लेकर आते हैं। उनके मेनिफेस्टो का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने कई मेनिफेस्टो पेश किए, लेकिन कुछ भी नहीं किया, केवल झूठ बोलते रहे।

**मटियाला से आले मोहम्मद इकबाल ने किया नामांकन**

मटिया महल से प्रत्याशी आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि उन्होंने आज अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान पुरानी दिल्ली और मटिया महल के हजारों समर्थक मौजूद रहे। इस दौरान आम आदमी पार्टी महिला विंग की महिलाएं और झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टर्स समेत तमाम जनता शामिल हुई। लोगों ने बड़े ही जोश के साथ उनके नामांकन में हिस्सा लिया।

# सतीश जैन के समर्थन में केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल देव ने कि विशेष बैठक





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सभी राजनैतिक दलों के शीर्ष नेता अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां व बैठकों का आयोजन कर रहे हैं व एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप भी लगा रहे हैं।
इसी कड़ी में चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार सतीश जैन के समर्थन में केंद्रीय मंत्री कपिल देव ने विशेष बैठक का आयोजन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री कपिल देव ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को मिलजूल कर काम करना है और घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की योजनाओं के बारे में बताकर उनको जागरूक करना है और आने वाली पांच फरवरी को कमल के निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से दिल्ली में भी भाजपा की सरकार को काबिज कर दिल्ली का रूका हुआ विकास करना है।
इस दौरान बैठक में चांदनी चौक विधानसभा संयोजन हरीश असड़ी, विधानसभा विस्तारक सागर, सुभाष डाबर सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान हरीश असड़ी ने कहा कि दिल्ली की जनता को केजरीवाल सरकार ने पिछले दस सालों से मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा है और इस बार दिल्ली की जनता दिल्ली में बहुत बड़ा बदलाव लाना चाहती है और लोग भाजपा को और ज्यादा चाहने लगे है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एंड पार्टी ने स्वयं के हितों को लेकर काम किया है पूरे दस सालों तक भ्रष्टाचार करने, धन संचय करने में लगे रहे।
हरीश असड़ी ने आगे कहा कि अब नही सहेंगे बदल कर रहेंगे। लेकिन इस बार दिल्ली की जनता केजरीवाल व कांग्रेस की किसी भी झूठी स्कीमों के झांसे में नहीं फंसने वाले है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कपिल देव ने कहा कि अब अपने अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों से संपर्क करें व अपने उम्मीदवार सतीश जैन की विजय दिलवान निश्चित करें।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक बनाएं समन्वय: नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। सीएम नायब सिंह** सैनी ने कहा कि डीसी और एसपी के बीच समन्वय जरूर रखें। समन्वय के अभाव को गंभीरता से लिया जाएगा। हमारा व्यवहार पीड़ितों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और अपराधियों के बीच आक्रामक हो। चिन्हित अपराध में दोष सिद्ध होने की दर को ज्यादा से ज्यादा बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। सोशल मीडिया के ऊपर निगरानी रखते हुए उसका उपयोग सकारात्मक दिशा में सुनिश्चित करें। सीएम नायब सैनी शुक्रवार को करनाल में प्रदेश के सभी जिलों के डीसी और एसपी के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना पढने के साथ हुई। बैठक में 3 नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन और प्रदेश के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा की। नायब सैनी ने कहा कि 28 फरवरी तक 3 नए आपराधिक कानून पूर्ण रूप से लागू किए जाएंगे। इन्हीं तीनों नए आपराधिक कानूनों के हिसाब से सिस्टम में आधारभूत परिवर्तन करना होगा। करीब 445 कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग की व्यवस्था लागू की जाएगी। जेल से ही कैदियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी होगी। ई-समन और ई चालान की व्यवस्था को अपनाना होगा। मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ और सख्ती करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाना सरकार का ध्येय है। नशा मुक्ति अभियान को लेकर जन जागरण करना होगा। नशा रोकने के अभियान में सभी विभागों के साथ-साथ महिला, युवा, जनप्रतिनिधियों को शामिल करना होगा। डीसी और एसपी नशा रोकने के प्रयासों के संबंध में मासिक बैठक करें। नशे की सप्लाई चेन रोकने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। नशा मुक्ति केंद्र पर सख्ती से निरीक्षण जरूरी है, जो केंद्र मानकों पर खरा ना उतरेंए उसको तुरंत बंद किया जाए। मुख्यमंत्री ने डीसी व एसपी को निर्देश दिए कि अपराधियों के बीच पुलिस का भय का वातावरण होना चाहिए। महिलाओं से जुड़े अपराध पर गंभीरता दिखाएं। इन सभी अपराधों पर लगातार प्रदेश स्तर और वह खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी थानों में जल्द सीसीटीवी इंस्टाल किए जाएं। पूरे प्रदेश में सीसीटीवी का एक कॉमन फॉर्मेट मुख्य सचिव निर्धारित करेंगे। गन कल्चर या नशे को बढ़ावा देने वालों गानों पर पुलिस अपनी निगरानी रखें। युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संवाद कर उनको सकारात्मक दिशा में लगाएं। बैठक में विधानसभा स्पीकर हरविंदर कल्याण, मुख्य सचिव विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण गुप्ताए, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा समेत कई प्रशासनिक सचिव और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन हजार लाभार्थियों का मोबाइल वेरीफिकेशन पूरा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। मुख्य विकास अधिकारी** की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभिन्न विभागीय कार्यों पोषण अभियान पोषण ट्रैकर पर सीडिंग हार्ट को मिली योजना की प्रगति हम अन्य सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। समीक्षा में पाया गया कि जनपद में पंजीकृत लगभग तीन हजार लाभार्थियों के पोषण ट्रैकर पर मोबाइल वेरीफिकेशन का काम लगभग पूरा हो गया है मात्र 1.57 प्रतिशत काम शेष है बचे हुए कुल लाभार्थियों की संख्या लगभग पांच हजार है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि यह सभी नाम डाउनलोड कर लिए जाएं और



इसमें से जो भी नाम एक माह से अधिक पुराने हैं उन सबको सीडीपीओ द्वारा पोषण ट्रैकर से डिएक्टिवेट कर दिया जाए। यह मानते हुए कि यह लाभार्थी अपना सत्यापन कराने के इच्छुक नहीं है। साथ ही संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए कि यह मोबाइल नंबर अभी तक सत्यापित क्यों नहीं हुआ और अगर कार्यकर्ता के स्तर से इसमें लापरवाही
बरती गई हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पोषण ट्रैकर ऐप पर बच्चों की मेजरिंग एफिशिएन्सी की फीडिंग तथा गृह भ्रमण की फीडिंग में सभी परियोजनाओं में कमी पाई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचएमएसआई भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत करेगा भविष्य की मोबिलिटी

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) बहुप्रतीक्षित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में मोबिलिटी के भविष्य को फिर से परिभाषित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। HMSI इस एक्सपो में कई नवाचारपूर्ण और तकनीकी रूप से उन्नत उत्पाद प्रदर्शित करेगा, जो 17-22 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। यह कंपनी की नवाचार और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। होंडा पैवेलियन की अगुवाई करेगी बिल्कुल नई ACTIVA e: और QC1 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स, जिनकी




प्रारंभिक कीमतों की आज घोषणा की गई है। बिल्कुल नई ACTIVA e: और QC1 की शुरूआती कीमत क्रमशः रु 1,17,000 और रु 90,000 (एक्स-शोरूम, बेंगलुरु) रखी गई है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए केयर पैकेज भी पेश किए हैं, जो उनके समग्र मूल्य को बनाए रखने और वाहन की दीघार्यु को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इस अवसर पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हम निरंतर नवाचार और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने में विश्वास रखते हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 हमारे कार्बन न्यूट्रैलिटी और सतत मोबिलिटी समाधानों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित करने का आदर्श मंच है। एचएमएसआई के डायरेक्टर, सेल्स और मार्केटिंग, श्री योगेश माथुर ने कहा, ये मॉडल विश्वस्तरीय गुणवत्ता, विश्वसनीयता और अत्याधुनिक तकनीक का एक आदर्श संयोजन प्रदान करते हैं। हमें विश्वास है कि ये स्कूटर्स देशभर के ग्राहकों को पसंद आएंगे। केयर पैकेज के साथ, जिसमें 5 साल की फ्री सर्विस, रोडसाइड असिस्टेंस और एक्सटेंडेड वारंटी शामिल हैं, हम ग्राहकों में विश्वास उत्पन्न करना चाहते हैं और एक हरित भविष्य के प्रति होंडा की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करना चाहते हैं। इस शुरूआती उत्पाद मूल्य पर, हम 1 साल के लिए केयर पैकेज मुफ्त दे रहे हैं, जिससे ग्राहक अनुभव और भी बेहतर होगा।"

### यूटीआई म्यूचुअल फंड ने हरियाणा के यमुनानगर में एक नया वित्तीय केंद्र खोलने की घोषणा की

**यमुनानगर। भा**रत की अग्रणी म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (यूटीआई एएमसी) ने हरियाणा के यमुना नगर में एमसी यूनिट-बी-5/386-बी, पहली मंजिल, गणपति बिल्डिंग, मधु होटल के सामने, जिलाः यमुना नगर, राज्यः हरियाणा पिनः 135001 में अपना यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर खोलने की घोषणा की है।

UTI Mutual Fund

कंपनी ने देश भर में वितरण और निवेशक तक अपनी पहुंच को मजबूत करने के लिए अपने केंद्रित विस्तार के हिस्से के रूप में 20 जनवरी 2025 को 33 नए यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर (शाखाएं) खोलने की घोषणा की है। इस विस्तार का उद्देश्य वित्तीय निवेश संबंधी सुविधाओं में सुधार करना और निवेशकों को बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में मदद करना है।

कार्यालयों का यह प्रसार देश भर मंए निवेशकों के साथ गहरे संबंध बनाने और अधिक समावेशी निवेश संस्कृति को बढ़ावा देने के यूटीआई एएमसी के चल रहे प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी और सीईओ श्री इम्तियाजुर रहमान ने कहा, हम अपनी सेवाओं की पूरी रेंज को अपने ग्राहकों के करीब लाने के लिए रणनीतिक रूप से नए यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर खोल रहे हैं, जिससे हमारी सेवाओं तक लोगों की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित हो सके। पिछले कुछ वर्षों में म्यूचुअल फंड में व्यक्तिगत निवेशकों की बढ़ती भागीदारी, विशेष रूप से बी30 शहरों से, वास्तव में उल्लेखनीय और प्रेरणादायक रही है। यह विस्तार जागरूकता बढ़ाने और देश भर में व्यापक दर्शकों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को सुलभ बनाने के हमारे दीर्घकालिक को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# कार से साढे सात किलो गांजा मिला

**मथुरा। थाना राया** पुलिस ने गांजे की तस्करी में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्ज से 7.430 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। गांजे की तस्करी में प्रयुक्त होने वाली कार को पुलिस ने बरामद किया है। प्रभारी निरीक्ष थाना राया अजय कौशल ने बताया कि अभियुक्त भोजराज उर्फ मूली पुत्र मलखान सिंह निवासी गांव नगौड़ा थाना राया को 7.430 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ कपूर बगीची से पहले सुनसान स्थान थाना राया से गिरफ्तार किया। जिसके सम्बन्ध में थाना राया पर अभियोग पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सभी वाहनों में आग बुझाने का सिलेंडर रखना अनिवार्य

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। वरिष्ठ** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में हुई वृद्धि के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के लिए एक से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। राजेश राजपूत वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन प्रथम दल) तथा पूजा सिंह (यात्री, मालकर अधिकारी) द्वारा ऑटो चालक परिचालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरुक किया गया, ऑटो चालको एवं अन्य यात्री




वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक करते समय अवगत कराया कि अपने वाहन को ओवरलोड संचालित न करें एवं वाहन पर लटक कर यात्रा न करें, ऐसा करते पाये जाने पर वाहन सीज करने की कार्यवाही की जायेगी, एआरटीओ प्रवर्तन ने जनपद की समस्त जनता से अपील की है शीत ऋतु एवं कोहरे को देखते हुए वाहन चलाते समय सावधानी बरते एवं ओवरलोड ओवरस्पीड में वाहन न चलायें एवं बिना वैध प्रमाण पत्र के वाहन का संचालन कतई न करें, ऐसा करते पाये जाने पर प्रवर्तन कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। साथ ही एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा सभी वाहन चालकों परिचालकों से अपील की है कि वे समय समय अपने अपने वाहन की फिटनेस के साथ अपने नेत्रों की जांच भी कराते रहें जिससे सड़क दुर्घटना के जोखित को कम किया जा सके, प्रेसर होर्न, मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करने की भी अपील की है प्रेशरहोर्न मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग करते पाये पाने पर वाहन के पंजीयन निरस्त की कार्यवाही की जायेगी एवं वाहन स्वामी
पर विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व वाहन स्वामियों का होगा, एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम एवं द्वितीय दल द्वारा क्षमता से अधिक माल लेकर संचालित पाये गये 18 वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में निरुद्ध किया गया है, साथ ही एआरटीओ प्रवर्तन ने यात्री वाहनों एवं समस्त वाहन चालकों परिचालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स एवं आग बुझाने का संयत्र अवश्य रखें वाहन चेकिंग अभियान में यदि कोई भी वाहन बिना फर्स्ट एड बॉक्स एवं आग बुझाने के संयंत्र का वाहन का संचाचित पाये जाने पर वाहन स्वामियों से रुपये 10 हजार जुमार्ना वसूला जायेगा एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जायेगी जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व वाहन स्वामियों का होगा।

# गुरुग्राम-स्थित मणिपाल हॉस्पिटल द्वारा झज्झर में विशेष न्यूरो और कार्डियो ओपीडी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्झर : मणिपाल हॉ**स्पिटल, गुरुग्राम द्वारा झज्झर के निवासियों को सर्वश्रेष्ठ हेल्थकेयर सेवाएं प्रदान करने के लिए जनवरी में हर शुक्रवार (17, 24 और 31 तारीख) को एक विशेष न्यूरो एंड कार्डियेक ओपीडी का आयोजन किया जाएगा। इस ओपीडी में मशहूर न्यूरो सर्जन, डॉ. पुनीत कांत अरोड़ा और हार्ट स्पेशलिस्ट, डॉ. दीक्षित गर्ग झज्झर के मेडिकेयर हॉस्पिटल में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच लोगों को परामर्श एवं इलाज प्रदान करेंगे। इस पहल द्वारा हॉस्पिटल का उद्देश्य स्थानीय लोगों को विभिन्न न्यूरो एवं हार्ट प्रॉब्लम्स के लिए विशेषज्ञ सेवाएं तथा निदान और इलाज प्रदान करना है।डॉ. पुनीत कांत अरोड़ा, कंसल्टेंट एंड एचओडी, न्यूरोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने कहा, ह्यन्यूरोलॉजिकल विकारों के कारण कई समस्याएं हो सकती हैं, जिनमें नसों की हल्की कमजोरी से लेकर गंभीर लक्षण, जैसे मिर्गी, पार्किंसंस डिजीज और स्ट्रोक शामिल हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए इनके लक्षणों को समय पर पहचानकर उनका इलाज कराना आवश्यक होता है। मणिपाल हॉस्पिटल में हम हर मरीज की व्यक्तिगत स्थिति के अनुरूप इलाज करते हैं, जिसमें दवाओं, फिजियोथेरेपी, और सर्जरी का उपयोग शामिल हो सकता है। आजकल सर्जरी के अत्याधुनिक विकल्प विकसित हो चुके हैं, जिनमें मिनिमली इन्वेजिव स्पाईन सर्जरी, कंप्यूटर-असिस्टेट ब्रेन सर्जरी, स्टेरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी, और डीप ब्रेन स्टिमुलेशन शामिल हैं।डॉ. दीक्षित गर्ग - कंसल्टैंट कार्डियोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने कहा, ह्यभारत में हार्ट की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जिनमें मुख्य कोरोनरी आर्टरी डिजीज और वॉल्व के विकार हैं। इनकी रोकथाम के लिए बीमारी को समय पर पहचानना बहुत आवश्यक है। आज ईकोकार्डियोग्राफी (ईसीजी) और कोरोनरी एंजियोग्राफी (सीएजी) जैसे डायग्नोस्टिक टूल्स की मदद से इन समस्याओं को शुरू में ही पहचाना जा सकता है।

# सीसीटीवी कैमरों की नजर में रहेगा बांकेबिहारी की नगरी का चप्पा चप्पा

**मथुरा। बांकेबिहारी** की नगरी वृंदावन का चप्पा चप्पा अब सीसीटीवी कैमरों से लैस होने जा रहा है। कोतवाली में स्थापित कंट्रोल रूम में पुलिस कर्मी बैठ कर ही हाई तकनीकी से लेस सीसीटीवी कैमरों को 90 डिग्री पर घुमाकर आसपास की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे। इसके साथ ही स्थापित होने वाले आईपी स्पीकर से अपना संदेश भी वृंदावन की सड़कों पर मौजूद श्रद्धालुओं को दे सकेंगे। 22.01 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के लिए शासन ने 8 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिए हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास की दृष्टि से सीसीटीवी कैमर युक्त बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

# क्लियर प्रीमियम वॉटर ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में 100% rPet बोतलों के साथ इतिहास रचा



**नई दिल्ली।** पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए क्लियर प्रीमियम वॉटर ने प्रतिष्ठित "38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड-2025" के साथ साझेदारी में अपनी 100% १ढी३ बोतल रेंज लॉन्च की है। 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले ये खेल देश के शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाएंगे, जो वास्तव में ऐतिहासिक सहयोग के लिए मंच तैयार करेंगे। यह ऐतिहासिक और ऐतिहासिक साझेदारी राष्ट्रीय मंच पर हरित (ग्रीन) पहल को बढ़ावा देने और पर्यावरण के अनुकूल सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेष रूप से, इतिहास में पहली बार, राष्ट्रीय खेलों में पूरी तरह से सस्टेनेबल पेय समाधान अपनाया गया है। इसके साथ ही, अन्य पर्यावरण-अनुकूल पहलों को भी शामिल किया गया है, जिनमें पुनर्नवीनीकृत ई-कचरे से बने पदक, इलेक्ट्रिक वाहन और सौर ऊर्जा संचालित गर्म पूल शामिल हैं। आधिकारिक हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में क्लियर प्रीमियम वॉटर के साथ इस कार्यक्रम ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए वैश्विक प्रयासों के अनुरूप, पूरी तरह से ग्रीन माइलस्टोन हासिल किया है। एथलीटों से लेकर अधिकारियों और दर्शकों तक, हर कोई पेय, निपटान और परिवर्तन के एक निर्दोष और पर्यावरण-अनुकूल चक्र में भाग लेगा, जो पर्यावरणीय स्थिरता अभियान की भावना को बढ़ावा देगा। ब्रांड के संस्थापक और सीईओ नयन शाह ने कहा, "क्लियर प्रीमियम वॉटर में हम मानते हैं कि इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ चलती है। 38वें राष्ट्रीय खेलों के साथ साझेदारी में हमारी 100% १ढी३ बोतल पेश करना हमारे लिए एक शानदार अवसर है और गर्व का क्षण है। यह सहयोग सिर्फ जलयोजन के बारे में नहीं है, लेकिन यह यह दिखाने के बारे में भी है कि सार्थक पर्यावरणीय प्रभाव डालने के लिए बिजनेस और इवेंट एक साथ कैसे काम कर सकते हैं। हमारा क्लीयर पानी , केयर्स (ड्रिंक्स, डिस्पोज और ट्रांसफॉर्म) पहल के माध्यम से हमारा लक्ष्य बड़े, स्थायी परिवर्तन लाने के लिए छोटे और टिकाऊ विकल्पों की शक्ति का प्रदर्शन करते हुए सामूहिक कार्रवाई को प्रेरित करना है।

# नगर आयुक्त ने रात्रि में नगर निगम के रैन बसेरों का किया निरीक्षण

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। शीत ऋतु को** दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं एवं निराश्रित व्यक्तियों हेतु नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत चार जोन में 13 शेल्टर होम, रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। सभी रैन बसेरों में सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश, रजाई गद्दे, हीटर आदि की समुचित व्यवस्था की गयी है। उक्त रैन बसेरों में व्यवस्थाओं को सुचारू रखे जाने एवं रैन बसेरा का प्रतिदिन निरीक्षण किये जाने हेतु सभी रैन बसेरों के लिए पृथक पृथक अधिकारियों को पूर्व में ही नामित किया गया है। जिसके क्रम में रात्री में नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा नया बस स्टैंड स्थित



आधुनिक आश्रय स्थल, गोवर्धन चौराहा स्थित अस्थाई रैन बसेरा एवं मथुरा रेलवे जंक्शन पास स्थित अस्थायी रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम नगर महोदय द्वारा नया बस स्टैंड के समीप स्थित आधुनिक आश्रय स्थल (रैन बसेरा) का निरीक्षण किया गया आधुनिक आश्रय स्थल में समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण पायी गयी। रैन बसेरा में आश्रय करने वाले व्यक्तियों का विवरण रजिस्टर में अंकित किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा रजिस्टर का किया गया परीक्षण। रैन बसेरा में आश्रय करने वाले व्यक्ति से नगर आयुक्त द्वारा की गयी वार्ता। इसके बाद नगर महोदय द्वारा गोवर्धन चौराहा स्थित अस्थाई रैन बसेरा एवं मथुरा रेलवे जंक्शन पास स्थित अस्थायी रैन बसेरा का निरीक्षण कर साफ सफाई, प्रकाश ,रजाई, कंबल, चादर, शुद्ध पेयजल, आदि समुचित व्यवस्थाओं को देखा गया।
निरीक्षण के दौरान व्यवस्था सही ना पाए जाने पर संबंधित फॉर्म नोटिस एवं जुमार्ना की कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन रजाई में स्वच्छ कभर लगाई जाएं। गंदे होने पर उनको तत्काल बदलवाया जाए। रजाई गद्दे एकदम साफ रखे जाएं। ये सभी कार्य दिन में ही पूर्ण किए जाएं।

# कार्यशाला में एमएसएमई पर दिया गया प्रशिक्ष

**मथुरा। अखिल भारतीय मानव सेवा संघ द्वारा** राजकीय महाविद्यालय मांट में लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित करने संबंधी प्रशिक्षण उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश के पूर्व जिला प्रभारी चौधरी विशन सिंह द्वारा प्रदान किया गया जिसमें कुकरी, अचार, मुरब्बा, जैम, शरबत तथा अन्य विभिन्न प्रोडक्ट बनाने की विधि, प्रबंधन, एवं बाजार में उत्पादों की आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अपने प्रशिक्षण में बिशन सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत विभिन्न उद्योग स्थापित करने के लिए 5 लाख रुपए की



राशि बिना ब्याज के सक्षम उद्यमियों को प्रदान की जा रही है। संस्थान के 30 छात्र छात्राओं को 15 दिवसीय प्रशिक्षण संबद्ध संस्थान में प्रदान किया जाएगा। उसके बाद लोन की सुविधा की कार्रवाई आगे बढ़ायी जाएगी। अखिल भारतीय मानव सेवा संघ, मथुरा के सचिव डॉ. राजकुमार ने बात, पित्त संबंधी बीमारियों के घरेलू उपाय बताए उनके द्वारा संस्थान में निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने संबंधित सुविधा उपलब्ध कराने के बारे में जानकारी दी। एक्यूप्रेशर रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिओम सिंह ने निशुल्क फूल बॉडी चेकअप किया तथा विभिन्न रोगों के निदानात्मक उपाय बताए। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला नोडल डॉ. दीन दयाल ने बताया कि लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित करने संबंधी जानकारी के लिए विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थान के महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं को लाभ दिया जाएगा।

# अवैध यूनीपोल हटाने का काम किया शुरू

**पानीपत ,( कमाल हुसैन )**

**माननीय पंजाब एवं** हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार और मुख्यालय से प्राप्त निदेर्शानुसार नगर निगम की ओर से अवैध यूनीपोल हटाए जाने के अभियान के तहत नगर निगम की टीमों ने शहर से अवैध यूनिपोल हटाने शुरू कर दिए हैं। निगम आयुक्त डॉ पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालना में शहर में अवैध यूनिपॉल हटाए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की की कि केवल अधिकृत यूनीपोल पर ही विज्ञापन लगवाएं जाएं।

# स्कोडा काइलैक को भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार रेटिंग मिली,अपने सेगमेंट में सबसे सुरक्षित कार बनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी: स्कोडा ऑटो इंडिया** की पहली सब-4 मीटर एसयूवी, काइलैक ने भारत एनसीएपी (न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम) में प्रतिष्ठित 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है।काइलैक भारत एनसीएपी टेस्ट में भाग लेने वाली पहली स्कोडा गाड़ी बन गई है, जिसने कुशाक और स्लाविया द्वारा स्थापित सेफ्टी एक्सीलेंस की ब्रांड की विरासत को जारी रखा है।स्कोडा ऑटो इंडिया की दोनों 2.0 कारों ने वयस्क और बच्चों की सुरक्षा दोनों के लिए अपनी कैटेगरी में ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, "सुरक्षा स्कोडा के डीएनए में निहित है और 2008 से प्रत्येक स्कोडा कार का वैश्विक स्तर पर और भारत में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग के साथ क्रैश-टेस्ट किया गया है। स्कोडा ऑटो,5-स्टार सुरक्षा-रेटेड कारों के बेड़े के साथ भारत में कार सेफ्टी अभियान का नेतृत्व कर रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी टेस्ट के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड हैं।अब हमारी बिल्कुल नई सब-4-मीटर एसयूवी काइलैक ने भारत एनसीएपी परीक्षण में अपने सेगमेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया है।काइलैक व्यापक सुरक्षा प्रणालियों के साथ आती है
जिसमें मानक के रूप में छह एयरबैग सहित एक्टिव और पैसिव सेफ्टी फीचर्स की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। यह रेटिंग भारतीय सड़कों पर यूरोपीय टेक्नोलॉजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। इसमें एक मूल आधार शामिल है जिस पर कार का निर्माण किया जाना चाहिए और वह है सेफ्टी।स्कोडा काइलैक, पैसेंजर सेफ्टी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जिसमें सभी वैरिएंट में मानक के रूप में 25 से अधिक एक्टिव और पैसिव सुरक्षा तकनीकें शामिल हैं।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### बकाया बिलों का भुगतान न हुआ तो ठेकेदार करेंगे चक्का जाम

**मंडी। सरकारी** काम करने के बाद भी ठेकेदारों को भुगतान न करने से आर्थिक संकट से जूझ रहें ठेकेदारों ने जल्द ही भुगतान न होने और ट्रेजरी न खोलने पर चक्का जाम करने को सरकार को चेताया है। ठेकेदारों का कहना है कि लंबे समय से उनके बिलों का भुगतान न होने के कारण वह बैंकों के ऋण व मार्किट की उधारी चुना नहीं पा रहें है। जिसके कारण भुगतान के लिए घर बार बेचने की नौबत आन खड़ी है। ठेकेदारों ने कहा है कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है कि ट्रेजरी बंद कर दी गई है। जिसके कारण सरकारी विभागों में कार्य व्यवस्था चरमरा के रह गई है। सरकार बताये कि किस कारण से ट्रेजरी बंद की गई है। शुक्रवार को सुंदरनगर में सरकारी ठेकेदार कल्याण परिषद मंडी जोन की बैठक केशव नायक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मंडीए कुल्लू व लाहौल स्पीति के निर्माण कार्य से जुड़े सरकारी व्यवसायी ठेकेदारों ने भाग लिया। इस मौके पर सदस्यों ने कहा कि ठेकेदार प्रदेश व राष्ट्र निर्माण में अपनी अरबों रुपये की पूंजी लगाकर उज्जवल भविष्य करने को लेकर कार्य कर रहें है। वहीं सरकार के विकास के पहिये को तेज गति दे रहें है और सरकारें किसी भी विकास कार्य की प्रथम नींव ठेकेदार द्वारा रखवाई जाती है।

### महाकुम्भ में सिरमौर का सांस्कृतिक दल लेगा भाग

**नाहन।** प्रयागराज में हो रहे महाकुम्भ में सिरमौरी लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। जिला के संगड़ाह के प्रेम चंद बाउन्ली को प्रयागराज में प्रस्तुति के लिए निमंत्रण पत्र मिला है। सांस्कृतिक कला मंच बाउन्ल के 15 कलाकार 20 से 23 जनवरी के बीच प्रयागराज में सिरमौरी नाटी की प्रस्तुति देंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के आग्रह पर एन जेड सी पी ने इस दल को आमंत्रित किया है। उल्लेखनीय हैकि यह दल इससे पूर्व भी विदेशों में भी अपने कार्यक्रम दे चूका है।

### शारजाह में दौड़ेगा सिरमौर का पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह

**नाहन।** सिरमौर जिला के संगड़ाह मंडल के लगणू गांव निवासी वीरेंद्र सिंह का चयन शारजाह दुबई में होने वाली ओपन पैरा एथेलेटिक्स मीट के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 30 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।

# समरसता का महाकुम्भ है प्रयागराज का महाकुम्भ

## देश के सभी जाति, वर्ग, पंथ, संप्रदाय के लोग आ रहे हैं प्रयागराज महाकुम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर।** तीर्थराज प्रयागराज में संगम तट पर सनातन आस्था और संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। प्रयागराज का महाकुम्भ विश्व का सबसे बड़ा मानवीय और आध्यात्मिक सम्मेलन है। यूनेस्को ने महाकुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। प्रयागराज महाकुम्भ में मानवता के महापर्व में देश के कोने-कोने से अलग-अलग भाषा, जाति, पंथ, संप्रदाय के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। श्रद्धालु साधु संन्यासियों का आशीर्वाद ले रहे हैं, मंदिरों में दर्शन कर अन्नक्षेत्र में एक ही पंगत में बैठ कर भण्डारों में प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। एकता, समता, समरसता का महाकुम्भ सनातन संस्कृति के उद्दात मूल्यों का सबसे बड़ा मंच है।



**भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता का सबसे बड़ा मंच है महाकुम्भ**

महाकुम्भ न केवल भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रदर्शन स्थल है। जिसे दुनिया भर से आये पर्यटक और पत्रकार देख कर आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रह पाते। कैसे अलग-अलग भाषा भाषी, रहन-सहन, रिति-रिवाज को मानने वाले एकता के सूत्र में बंधे संगम में स्नान करने चले आते हैं। साधु-संन्यासियों के अखाड़े हो या तीर्थराज के मंदिर और घाट बिना रोक टोक श्रद्धालु दर्शन,पूजन करने जा रहे हैं। संगम क्षेत्र में चल रहे अनेकों अन्नभण्डार सभी भक्तों, श्रद्धालुओं के लिए दिनरात खुले हैं। जहां सभी लोग एक साथ पंगत में बैठ कर प्रसाद और भोजन ग्रहण कर रहे हैं। महाकुम्भ मेले में भारत की विविधता इस तरह समरस हो जाती है कि उनमें किसी तरह का भेद कर पाना संभव नहीं है।

**प्रयागराज महाकुम्भ एकता,समता,समरसता के महाकुम्भ का सबसे बड़ा उदाहरण**

महाकुम्भ में सनातन परंपरा को मनाने वाले शैव, शाक्त, वैष्णव, उदासीन, नाथ, कबीरपंथी, रैदासी से लेकर भारशिव, अघोरी, कपालिक सभी पंथ और संप्रदायों के साधु,संत एक साथ मिलकर अपने-अपने रिति-रिवाजों से पूजन-अर्चन और गंगा स्नान कर रहे हैं। संगम तट पर लाखों की संख्या में कल्पवास करने आये श्रद्धालु देश के कोने-कोने से अलग-अलग जाति, वर्ग, भाषा को बोलने वाले हैं। यहाँ सभी साथ मिलकर महाकुम्भ की परंपराओं का पालन कर रहे हैं। महाकुम्भ में अमीर, गरीब, व्यापारी, अधिकारी सभी तरह के भेदभाव भुलाकर एक साथ एक भाव में संगम में डुबकी लगा रहे हैं। महाकुम्भ और मां गंगा नर, नारी, किन्नर, शहरी, ग्रामीण, गुजराती, राजस्थानी, कश्मीरी, मलयाली किसी में भेद नहीं करती।

**आध्यात्मिक**

▶▶ विविधता में एकता के सनातन मूल्य की अक्षुण परंपरा का नाम है महाकुम्भ

▶▶ महाकुम्भ में बिना भेदभाव के स्नान,दर्शन, पूजन कर रहे श्रद्धालु, एक पंगत में बैठ कर सभी श्रद्धालु करते हैं प्रसाद ग्रहण

# सीएम ने भाजपा उम्मीदवारों के लिए मांगा समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार स्थित मालवीय उद्यान में आयोजित विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए नगर निगम चुनाव में भाजपा मेयर पद के उम्मीदवार शैलेंद्र सिंह रावत और पार्षद पदों के भाजपा उम्मीदवारों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में कोटद्वार क्षेत्र का विकास ठप हो गया था और जनता योजनाओं के लाभ से वंचित रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थ और व्यक्तिगत हितों के लिए जनता के हितों की अनदेखी की। निकाय चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा का बोर्ड बनने पर क्षेत्रीय विकास में तेजी आएगी। लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोभी पार्टी है। अपने व्यक्तिगत हितों और स्वार्थ के लिए वह सत्ता में आना चाहती है। ये लोग अपने स्वार्थ के लिए राष्ट्रहितों की भी तिलांजली देने से पीछे नहीं हटते। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार बिना रुके, बिना थके प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और हम जो संकल्प लेते हैं उनको सिद्धि तक भी पहुंचाते हैं।



हमने कोटद्वार में जिस सतपुली झील का शिलान्यास किया है उसका हम लोकार्पण भी अवश्य करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, लैंसडाउन क्षेत्र के विधायक महंत दिलिप रावत, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अंथवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल, चुनाव प्रभारी राकेश, विपिन कैंथोला, ऋषि कंडवाल, सुमवंत कोटनाला, आशा बनियाल, मोहन नेगी, शांतुन रावत, सुरेंद्र आर्य, पवन वर्मा, संजय रावत, हरिश सिंह, सिमरन, उमेश त्रिपाठी, राजगौरव नौटियाल, जंगबहादुर, जगमोहन रावत समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री अवार्ड से नवाजा जाएगा यूपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने एवं जल जीवन मिशन परियोजना में सोलर पावर के उत्कृष्ट उपयोग में बाजी मारी है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री पुरस्कार (पीएम अवार्ड) के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।



**जल जीवन मिशन में सोलर पावर के प्रयोग पर पीएम अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित**

योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सोलर ऊर्जा का उपयोग करते हुए न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया है, बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान किया। इस परियोजना के तहत सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से न केवल ऊर्जा की बचत हो रही है, बल्कि पानी की आपूर्ति भी निर्बाध रूप से हो रही है। यह पहल जल संरक्षण और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करती है।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन के तहत सौर ऊर्जा आधारित भूजल की 33,229 योजनाएं संचालित हैं।

**परियोजना**

▶▶ जल जीवन मिशन परियोजना में सोलर पावर के प्रयोग पर पीएम अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित

# छग भाजपा के किरण दोबारा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने एक** बार फिर किरण सिंहदेव पर विश्वास जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित निर्वाचन कार्यक्रम में शुक्रवार को सिंहदेव के निर्वाचन की घोषणा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने की। सिंहदेव ने गुरुवार शाम अपना नामंकन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख को सौपा था। उन्होंने तीन सेट में अपना नामांकन दाखिल किया था, किरण सिंहदेव के अलावा किसी अन्य नेता ने अपना नामांकन प्रदेश अध्यक्ष के लिए दाखिल नहीं किया था, जिसके बाद आज सिंहदेव को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। किरण सिंह देव का जन्म 17 सितंबर 1962 में हुआ, किरण सिंह देव पेशे से वकील रहे हैं। सन 1985-86 तक छात्र संघ के अध्यक्ष रहे, भारतीय जनता युवा मोर्चा का अध्यक्ष 1998 में बने और 2002 तक रहे। इसके बाद साल 2002 से 2005 तक भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में सक्रिय रहे, 2005 से 2009 तक प्रदेश मंत्री के तौर पर संगठन में सक्रिय रूप से काम किया। सिंहदेव साल 2009 से 2014 तक प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रहे, साथ ही साल 2009 में भाजपा ने महापौर का टिकट किरण देव को दिया। 2009 में किरणदेव जगदलपुर नगर निगम के महापौर बने जो 2014 तक रहे, 2014 से 2020 तक संगठन में प्रदेश मंत्री के तौर में सक्रिय भूमिका निभाई।

**जिम्मेदारी**

▶▶ सिंहदेव के निर्वाचन की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने की

# यमुनानगरः इमरजेंसी फिल्म के विरोध में सिख समाज ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगरः** यमुनानगर में सिख समाज के लोगों ने जिला लघु सचिवालय पर बड़ी संख्या में इकठ्ठा होकर अभिनेत्री कंगना रनौत की अभिनीत फिल्म इमरजेंसी का विरोध किया है। उन्होंने फिल्म में सिखों की छवि को गलत ढंग से फिल्माने और दिखाने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने फिल्म को सिनेमाघरों में न दिखाने की मांग की और जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। विरोध कर रहे सिख समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को कहा कि इस फिल्म के संवादों में सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और उनकी गरिमा को गिराने वाली असम्मानजनक टिप्पणियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म में सिख समुदाय के बलिदान और योगदान को नजरअंदाज करते हुए उनकी गरिमा को आघात पहुंचाने का प्रयास किया गया है। प्रदर्शन करने वाले सिखों का कहना है कि आपातकाल एक संवेदनशील विषय है और फिल्म निमार्ता को इस विषय पर फिल्म बनाने से पहले हर वर्ग और समुदाय की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए था। कहा कि फिल्म में सिखों के संघर्ष और बलिदान को गलत तरीके से पेश करके उनकी ऐतिहासिक छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

**धूमिल**

▶▶ फिल्म में सिखों की छवि को गलत ढंग से फिल्माने और दिखाने के विरोध में प्रदर्शन किया।




# वरिष्ठ नागरिकों का हो रहा सही से देखभाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** योगी सरकार बुजुर्गों के कल्याण और उनके सम्मानजनक जीवन के लिए समर्पित है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण के लिए व्यापक योजनाएं शुरू की हैं। ये योजनाएं राज्य के हजारों बुजुर्गों के जीवन को सशक्त और सम्मानजनक बना रही हैं। कड़ाके की ठंड को देखते हुए योगी सरकार ने प्रदेश भर में संचालित सभी वृद्धाश्रमों में व्यापक सुविधाओं का इंतजाम किया है। योगी सरकार वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण के लिए करोड़ों खर्च कर रही है, जिलास्तर पर कार्यान्वयन समिति का गठन कर वृद्धाश्रमों का बेहतकर प्रबन्धन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले में 150 क्षमता वाले वृद्धाश्रमों का संचालन किया जा रहा है। इन वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों को न केवल आवास उपलब्ध कराया जा रहा है, बल्कि उनकी देखभाल और सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा रही है। इन वृद्धाश्रमों के सुचारू प्रबंधन के लिए जिला स्तर पर विशेष समितियों का गठन किया गया है। इसके साथ ही भरण-पोषण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान और उनकी देखभाल में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**योजना**

▶▶ 150 क्षमता का एक-एक वृद्धाश्रम का हो रहा संचालन, 7 हजार बुजुर्गों उठा रहे सरकार की योजना का लाभ

# राज्यपाल से मिले केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) से शुक्रवार को केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर दिग्विजय सिंह बसेरा ने शिष्टाचार भेंट की। ब्रिगेडियर बसेरा ने राज्यपाल को केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी दी। ब्रिगेडियर बसेरा ने बताया कि पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए उत्तराखंड देशभर में अग्रणी राज्यों में से एक है।

**समझौता**

## उत्तराखंड में भूतापीय ऊर्जा के विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया

# 40 स्थल चिह्नित, आइसलैंड के साथ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** उत्तराखंड में भूतापीय ऊर्जा के विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। उत्तराखंड सरकार और आइसलैंड की कंपनी वर्किस कंसलटिंग इंजीनियर्स के बीच भूतापीय ऊर्जा के अन्वेषण और विकास को लेकर सचिवालय में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और आइसलैंड के राजदूत डॉ. बेनेडिक्ट हॉस्कुलसन भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री धामी ने वर्चुअल माध्यम से इस एमओयू को देश की ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने




कहा कि यह समझौता स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा और समावेशी विकास के मार्ग को भी प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि आइसलैंड भूतापीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी देश है और इनके तकनीकी सहयोग और अनुभव से उत्तराखंड भूतापीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण राज्य बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के तीन महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से इसकी अनापत्ति भी प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य में भूतापीय ऊर्जा के व्यवहारिकता के अध्ययन का व्यय भार का वहन आइसलैंड सरकार द्वारा किया जाएगा। संदर्भित है कि भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण एवं वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान देहरादून की ओर से किए गए आकलन के अनुसार उत्तराखंड राज्य में लगभग 40 भू- तापीय स्थल चिह्नित किए गए हैं, जिसमें भूतापीय ऊर्जा का दोहन किया जा सकता है। मै. वर्किस कंसलटिंग इंजिनियर्स आइसलैंड की प्रमुख कंपनी है जो भूतापीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक विशेषज्ञता रखती है।